● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 321, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 09 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





गडकरी ने कैशलेश ट्रीटमेंट स्कीम की घोषणा की 5

न्यूजीलैंड से घर में हारना ज्यादा पीड़ा दायक: युवराज 6

## आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन : पीएम मोदी

### पीएम मोदी ने आंध्र को दी 2 लाख करोड़ की सौगात, कार्यक्रम में सीएम नायडू भी रहे मौजूद



**अमरावती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें हरित हाइड्रोजन केंद्र और औषधि पार्क प्रमुखता से शामिल हैं। इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में रोड शो किया। पिछले वर्ष लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद यह मोदी का राज्य का पहला दौरा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है। आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। आंध्र प्रदेश को 2047 तक करीब 2.5 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस विजन को साकार करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र एट 2047 की पहल की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार भी आंध्र प्रदेश के हर लक्ष्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इसलिए केंद्र सरकार लाखों करोड़ की योजनाओं में आंध्र प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दे रही है।

पीएम मोदी ने कहा, आज यहां दो लाख करोड़ से ज्यादा की लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। ये परियोजनाएं आंध्र प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई देंगे। मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश को बधाई देता हूं। आंध्र प्रदेश अपने नवाचार की प्रकृति के कारण आईटी और तकनीकी का इतना बड़ा केंद्र है। अब समय है आंध्र नई और भविष्य की तकनीकियों का केंद्र बने। जो तकनीकी विकसित हो रही है, हम अभी से उसमें आगे रहें।

उन्होंने कहा, आज ग्रीन हाइड्रोजन एक उभरता हुआ क्षेत्र है। देश ने 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत की थी। हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक पांच मिलिनिट मिट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन हो। इसके लिए शुरुआती चरण में दो ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र स्थापित होंगे। जिनमें से एक हमारा विशाखापत्तनम है। भविष्य में विशाखापत्तनम दुनिया के उन गिने-चुने शहरों में होगा, जहां इतने बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की सुविधा होगी। इस ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र से अनेक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, साथ ही आंध्र प्रदेश में विनिर्माण का पारिस्थितिकीतंत्र तैयार होगा।

इससे पहले जारी बयान में कहा गया था कि पीएम, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ रेलवे जोन की नींव रखेंगे। इसके अलावा, वह अनकापल्ली जिले के पुदिमदका में एनटीपीसी के एकीकृत हरित हाइड्रोजन केंद्र की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना के तहत कंपनी तीन चरणों में 65,370 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसी तरह, पीएम मोदी वर्जुअल तरीके से नक्कापल्ली में 1877 करोड़ के औषधि पार्क की आधारशिला रखेंगे। देश को दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यहां 'बल्क ड्रग पार्क' की स्थापना की जानी है। लगभग 11,542 करोड़ रुपये के निवेश से 2,002 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस पार्क से 54,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

## युवा शक्ति राष्ट्र विकास को देगी नई दिशा : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वप्न है कि वर्ष 2047 में आजादी के शताब्दी वर्ष तक देश ही नहीं दुनिया के प्रतिनिधित्व में हिन्दुस्तान के युवाओं की अग्रणी भूमिका हो। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र के विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को त्रि-दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2025 के समापन पर टी.टी. नगर स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा महोत्सव के अवसर पर 2 महत्वपूर्ण पार्थ एवं युवा प्रेरक अभियान (एमपीवायपी) शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल विभाग द्वारा प्रदेश के ऐसे युवा जो सेना और पुलिस में अपनी सेवाएं देना चाहते हैं, उनके लिए पार्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। प्रदेश में 10 स्थानों पर इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। यह संस्था स्व-पोषित होगी। इनमें प्रशिक्षणार्थियों को न्यूनतम शुल्क देना होगा। एमपीवायपी अभियान के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास, कॅरियर और रोजगार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रदेश के युवा अपनी योग्यता और हुनर को और अधिक तराश कर अपने भविष्य के आधार की नींव को मजबूती प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कला एवं कलाकारों के अद्भुत संगम की प्रस्तुति से मन आनंद प्रफुल्लित हो उठा है, जिसका वर्णन करना मुश्किल है। परम आनंद की अनुभूति है युवा शक्ति में। आज के युवा में कल के विकसित भारत की झलक देखने को मिलती है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत में युवा उत्सव के विजेता सदस्यों द्वारा रंगारंग नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी गई।

## राजनाथ सिंह ने मालदीव के रक्षा मंत्री से की मुलाकात

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दिलाया भरोसा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारत दौरे पर आए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून से मुलाकात की। इस दौरान सिंह ने दिल्ली में मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय चर्चा की और द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की। साथ ही उन्होंने भारत-मालदीव के व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। राजनाथ सिंह ने मुलाकात के दौरान मालदीव के रक्षा मंत्री को बताया कि भारत रक्षा तैयारियों के लिए क्षमता वृद्धि में मालदीव को सहयोग देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत मालदीव को अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए समर्थन देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने यह भी बताया कि मालदीव को भारत की पड़ोसी प्रथम नीति में विशेष स्थान प्राप्त है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। इसमें मालदीव की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रक्षा उपकरण और संसाधनों की आपूर्ति शामिल है। मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून ने भारत की प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता की भूमिका की सराहना की और भारत का धन्यवाद किया, जो उसने मालदीव के रक्षा और सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण देने और आधुनिक अवसंरचना क्षमताओं को बढ़ाने में दिया। मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारत ने मालदीव को रक्षा उपकरण और अन्य सामग्री सौंपे।

## एक देश, एक चुनाव का संजय राउत ने किया विरोध

**मुंबइ।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक एक ही पार्टी और नेता के तहत एक समेकित राजनीतिक व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी पर दलबदल कराने की कोशिश कराने का आरोप लगाया है। एक देश एक चुनाव विधेयक पर संजय राउत ने कहा कि एक देश, एक चुनाव विधेयक से एक पार्टी, एक चुनाव और एक नेता, एक चुनाव को बढ़ावा मिलेगा।

## आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसे दानवों के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे : जयशंकर



**अस्ताना।** भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद को एक बहुत बड़ा खतरा बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले प्रायोजकों, वित्तपोषकों की तलाश कर उन्हें सख्त सजा देना बेहद जरूरी है। विदेश मंत्री ने इस दौरान प्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान पर कटाक्ष किया। कजाखस्तान के अस्ताना में हाल की में एक साक्षात्कार के दौरान डॉ. एस जयशंकर ने ये बातें कहीं थीं। डॉ. जयशकंर ने जोर देते हुए कहा, 'तीन दानवों (आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद) के खिलाफ लड़ने की बेहद आवश्यकता है।' दरअसल, चार जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन आयोजित करवाया गया था। इस दौरान जयशंकर ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। डॉक्टर एस जयशकंर ने कहा, 'इस बात में कोई शक नहीं है कि आतंकवाद आज विश्व के लिए सबसे प्रमुख चुनौती बन गया है। यह वैश्विक और राष्ट्रीय शांति के लिए एक खतरा बन गया है। हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवाद से लड़ने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। सिर्फ आतंकवाद को तैयार करने वाले लोग ही नहीं बल्कि इसके मददकर्ताओं, वित्तपोषकों और प्रायोजकों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई होनी चाहिए। इन सभी का पता लगाकर सख्त से सख्त सजा देने की जरूरत है।'

## बीएसएफ सीमाओं पर है मुस्तैद, इसलिए हम चैन की नीद सो पा रहः आनन्द बोस

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) न केवल देश की सीमाओं की रक्षा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, इसलिए हम चैन की नींद सो पा रहे हैं। इतना ही नहीं बीएसएफ सीमावर्ती समुदायों की सेवा में भी एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बीएसएफ की यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों की जरूरतों को समझने और उन्हें सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## अब घरेलू एयरलाइनों को साझा करना पड़ेगा मौसम का डेटा



**नई दिल्ली।** सरकारी घरेलू एयरलाइनों के लिए टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान विमान द्वारा कैप्चर किए गए मौसम डेटा को आईएमडी के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर घरेलू एयरलाइनों के लिए मौसम डेटा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया जाएगा। रविचंद्रन ने कहा, इसे अनिवार्य करना होगा। यह न केवल एयरलाइन परिचालनों के लिए, बल्कि हर जगह मौसम के पूर्वानुमान के लिए भी बहुत उपयोगी है।

## दिल्ली चुनाव में ममता बनर्जी समेत इन नेताओं का आप को समर्थन



**दिल्ली।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान मचा हुआ है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच अलग-अलग चुनाव लड़ने पर कई राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया आ रही हैं। दिल्ली चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने आप को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी पहले ही आप को समर्थन दे चुकी हैं। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट लिख ममता बनर्जी को थैंक्स कहा है। केजरीवाल ने कहा कि टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है।

इस बार दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। जबकि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस और आप ने इंडिया गठबंधन के तहत साथ में चुनाव लड़ा था। इस बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को बड़ा झटका देते हुए दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान कर दिया। वहीं टीएमसी ने भी आप पार्टी का समर्थन किया है। उद्धव की पार्टी भी समर्थन दे चुकी है। समर्थन से पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव में टीएमसी आप को समर्थन देने के सवाल पर टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि अंतिम फैसला हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व और ममता बनर्जी के हाथ में है।

## अंतरिक्ष में मजबूती के लिए भारत कर रहा विशेष तैयारी



**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा बल अब अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कई योजनाएं बना रहे हैं। वे अंतरिक्ष यान को विभिन्न कक्षाओं में स्थापित करने और एकीकृत उपग्रह संचार नेटवर्क बनाने की योजना बना रहे हैं, ताकि भविष्य में अंतरिक्ष युद्ध के लिए बेहतर तैयारी की जा सके। बता दें कि अंतरिक्ष एजेंसी के महानिदेशक एयर वाइस मार्शल पवन कुमार के द्वारा यह जानकारी डिफसैट सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान दी गई, जिसमें कई प्रमुख लोग शामिल थे।

डिफसैट सम्मेलन में रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के महानिदेशक एयर वाइस मार्शल पवन कुमार ने कहा कि रक्षा बल इस क्षेत्र में अपनी बढ़त बनाने के लिए उद्योग के साथ सहयोग करने पर विचार कर रहे हैं।

## पर्यावरण के लिए देशभर में पहली पहल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सिंचाई अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (केआईआईडीसी) के तहत एक केरल का स्टार्टअप जल्द ही पर्यावरण के लिए सुरक्षित जैविक पानी की बोतलें लॉन्च करने वाला है। इसे कम्पोस्टेबल बोतलें भी कहा जा रहा है और यह देशभर में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपनी तरह की पहली पहल मानी जा रही है। बता दें कि यह पहल केरल को देश का पहला राज्य बना देगी, जो जैविक पानी की बोतलें लॉन्च करेगा।

पर्यावरण के लिए उठाए इस सुरक्षित कदम को लेकर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि ये बोतलें जनवरी के मध्य में लॉन्च की जाएंगी।

## 19 किलो सोना, करोड़ों का लेनदेन और घर में मिले मगरमच्छ

### सागर में आयकर विभाग ने मारा छापा

**भोपाल।** सागर में आयकर विभाग ने भाजपा के दो बड़े नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा है। यह दोनों नेता भाजपा के पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर और पूर्व पार्षद राजेश केशवानी है। आईटी विभाग की तीन दिन की कार्रवाई में अब तक 150 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। साथ ही इनके पास 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का पता चला है। इसमें 19 किलो सोना, 144 करोड़ के नकद लेनदन और सात बेनामी लग्जरी कारें शामिल हैं। यह मामला टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग, शराब, कंस्ट्रक्शन और बीड़ी के कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है। ऐसे में अब ईडी भी इस मामले में जांच कर सकती है। जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की टीम ने रविवार सुबह सागर में छापेमारी शुरू की थी। एक टीम पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के बंगले पर गई। दूसरी टीम ने पूर्व पार्षद राजेश केशरवानी और उनके सहयागी राकेश छावड़ा के घर सर्चिंग शुरू की। दोनों भाजपा नेताओं के ठिकानें पर आईटी की टीमें 50 से ज्यादा गाड़ियों के साथ पहुंची थी। तीन दिन की जांच के बाद आईटी की टीम को करोड़ों की संपत्ति और लेनदेन का पता चला है। पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के बंगले से 14 किलो सोना और 3.8 करोड़ रुपये नकद मिले हैं।

## दीमा हसाओ में कोयला खदान से निकला एक शव

### आठ श्रमिक अब भी फंसे, सेना और एनडीआरएफ का बचाव अभियान तेज



**गुवाहाटी।** असम के पास दीमा हसाओ जिले में सोमवार को कोयला खदान में पानी भरने के बाद नौ श्रमिक फंस गए थे। बुधवार सुबह सेना और एनडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान के दौरान खदान से एक शव बरामद किया। खदान में अभी भी आठ श्रमिक फंसे हुए हैं। इसके बाद सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान तेज कर दिया है।

दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में कोयला खदान में सोमवार को 300 फीट गहरे खदान में अचानक पानी भर गया था। इस खदान में नौ श्रमिक फंस गए थे। इसके बाद भारतीय सेना और स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने त्वरित और प्रभावी तरीके से बचाव अभियान की शुरुआत की। मंगलवार शाम को बचाव अभियान को रोक दिया गया था। बुधवार सुबह इसे फिर से शुरू किया गया। इसके बाद बचाव टीमों ने खदान से एक शव बरामद किया। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि 21 पैरा गोताखोरों ने खदान से एक शव बरामद किया है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। वहीं एनडीआरएफ के कमांडेंट एन तिवारी ने बताया कि श्रमिकों को निकालने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। जल्द ही हम श्रमिकों तक पहुंच जाएंगे। अभी सेना की टीम यहां काम कर रही है। नौसैनिक भी यहां पहुंच गए हैं।

वहीं खदान में काम करने वाले एक श्रमिक ने बताया कि मेरा भाई खदान में फंसा है। खदान में अचानक लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि पानी भर रहा है। 30-35 लोग बाहर आ गए और 15-16 लोग फंस गए। दीमा हसाओ में कोयला खदान में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए नौसेना की टीम पहुंच गई है। नौसेना की इस विशेष टीम में एक अधिकारी और ग्यारह नाविक शामिल हैं, जिनमें गहरे पानी में डाइविंग और रिकवरी ऑपरेशन्स में प्रशिक्षित क्लियरेंस डाइवर्स शामिल हैं। गुवाहाटी में भारतीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ले. कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि टीम इस संवेदनशील और महत्वपूर्ण मिशन के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें गहरे पानी में डाइविंग के उपकरण और खोज एवं बचाव कार्य के लिए अंडरवाटर रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स जैसे विशेष उपकरण शामिल हैं। यह प्रयास भारतीय सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय नागरिक प्रशासन के साथ करीबी समन्वय में किया जा रहा है, ताकि त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# रेत के अवैध खनन में युवक मौत

## सरई थाना शव लेकर पहुंचे परिजन, परिजनों का आरोप पुलिस ने मिटाएं साक्ष्य

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत नौढ़िया गांव में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के चलते बीती रात एक व्यक्ति की जान चली गई। घटना के बाद परिजनों ने सुबह शव को लेकर थाने में पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि थाना प्रभारी ने साक्ष्य मिटाने का काम किया है। पुलिस रेत के अवैध उत्खनन का मामला दबाने की इरादे से घटना को कोई और एंगल दे रही है। सुबह से पूरा थाना छावनी में तब्दील हो गया था।



गौरतलब है कि मामला सरई थाना क्षेत्र के नौढ़िया गांव का है जहां बीती रात राजकमल पांडे की रात 2 बजे संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

वहीं इस मामले में देवसर एसडीओपी राहुल संयाम ने बताया कि एक युवक की मौत की जानकारी सामने आई है मैं सरई पहुंच गया हूं और पूरे मामले को देख रहा हूं। प्राथमिक रूप से अभी ऐसा लग रहा है कि जैसे युवक के एक पैर में करंट का झटका लगा है और संभवत इस वजह से उसकी मौत हुई होगी। जबकि देवसर एसडीओपी से जब इस मामले में सवाल किया गया कि आखिर 2:00 बजे रात को मृतक घटनास्थल पर कैसे गया और क्यों गया तो इसका जवाब उनके पास भी नहीं था उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है इसके अलावा उनसे यह भी सवाल हुआ कि क्या यह मामला रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन से जुड़ा हुआ है तो उन्होंने इस पर भी कहा कि यह एंगल सामने आया है लेकिन अभी यह भी जांच के दायरे में है।स्थानीय लोगों का आरोप है की सरई थाना पुलिस के संरक्षण में इलाके में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन लगातार जारी है। शिकायत के बाद भी पुलिस अवैध कारोबारी पर कोई कार्यवाही नहीं करती। नाम न छापने की शर्त पर पुलिस विभाग के एक कर्मचारी ने बताया की नौढ़िया गांव और उसके आसपास से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन होता है जिसमें थाना प्रभारी से लेकर कई पुलिसकर्मी संलिप्त हैं। रेत का अवैध खनन को छुपाने के लिए इस घटना को दूसरा एंगल दिया जा रहा है।

### इस घटनाक्रम पर खड़े हो रहे कई सवाल

रामकमल पांडे जिनकी बीती रात तकरीबन 2 बजे नौढ़िया गांव में एक रेत खदान से सटे हुए खेत के पास शव मिला है। पुलिस ने आनन-फानन में बिना परिजनों को सूचना दिए ही मृतक के ही ट्रैक्टर में डेड बॉडी रखवाकर उनके घर भेज दी। इससे कई सवाल खड़े होने लगे हैं। सवाल यह है कि जब यह संदिग्ध मौत थी तो शव को हॉस्पिटल भिजवाने के बजाय घर क्यों भिजवाया, शव को उठाने से पहले परिजनों को क्यों नहीं बुलाया गया, जिस ड्राइवर से शव को घर भेजवाया गया अब उससे पुलिस क्या इंटेरोगेट कर रही है, पुलिस शव को घर भिजवाने में जल्दबाजी क्यों कि। यह सवाल खड़े हो रहे हैं।

### परिजनों ने थाना प्रभारी पर लगाए संगीन आरोप

परिजनों ने थाना प्रभारी सरई शेषमणि पटेल पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें घटना की कोई भी जानकारी दिए बिना सीधे शव को घर भेज दिया था। आज इसको लेकर सुबह से थाने में हंगामा चल रहा है। परिजन शव लेकर थाने के सामने पहुंच गए और सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और परिजनों ने सीधा आरोप सरई थानेदार शेषमणि पटेल के ऊपर लगाया है कि उन्होंने घटना स्थल से साक्ष्य मिटाने का काम किया हैं। इसका अब वीडियो भी सामने आया है। इस मामले पर जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है देवसर एसडीओपी को जांच के लिए भेजा गया है जैसे भी तथ्य आएंगे उसके हिसाब से कार्यवाही की जाएगी।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे वरिष्ठ प्रबंधनों की टीम ने कार्यपालक प्रशिक्षुओं के साथ किया संवाद

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ एक प्रेरणादायक संवाद सत्र का आयोजन किया, जिसमें ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) के नेतृत्व में ईटी -2023 बैच ड्ड्ड्ड के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने एनटीपीसी विंध्याचल की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को उजागर किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गूंजते एनटीपीसी गीत के साथ हुई, जिसने सत्र के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार किया। त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आर एल आई) ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कार्यपालक प्रशिक्षुओं को मूल्य निर्माता बनने और एनटीपीसी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निरंतर सीखने और जानबूझकर अभ्यास की महत्ता को रेखांकित करते हुए कार्यपालक प्रशिक्षुओं को विश्वस्तरीय पेशेवर बनने की प्रेरणा दी।राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख



(विंध्याचल) ने एनटीपीसी विंध्याचल के लोगों पहले दृष्टिकोण पर जोर दिया, जो सतत सफलता और एक प्रमुख कार्यस्थल बनाने के लिए नींव है। उनके विचारों में एनटीपीसी की नीति-आधारित पहलों के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट थी। एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स और एडीएम) ने एनटीपीसी विंध्याचल में अपने संपूर्ण अनुभव को साझा किया, और कार्यपालक प्रशिक्षुओं को अपनी रुचियों को अन्वेषण करने और जीवनभर सीखने की प्रेरणा दी।अपने संबोधन में ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंधायचल), ने कार्यपालक प्रशिक्षुओं को एक प्रतिष्ठित संगठन में शामिल होने के लिए बधाई दी, जो उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उन्होंने एनटीपीसी के 25 फीसदी ऊर्जा उत्पादन योगदान और केवल 16 फीसदी स्थापित क्षमता के साथ भारत की बिजली उत्पादन क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया और उन्हें एनटीपीसी की नीति का लाभ उठाकर तेज़ी से सीखने और संगठन की संस्कृति में समाहित होने का आह्वान किया।यह संवाद सत्र एनटीपीसी विंध्याचल की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जिसमें उसने अपनी नई पीढ़ी के नेताओं को सशक्त बनाने और निरंतर विकास और नवाचार के वातावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 8 जनवरी से स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रारंभ हुआ। यह आयोजन आने वाले 10 जनवरी तक जारी रहेगा। इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 2500 युवा खिलाडियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर, श्रीमती पीयूषा अकोटकर,अध्यक्षा वनिता समाज, जोसेफ बास्टीयन महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा गुब्बारे उड़ा कर किया गया। उद्घाटन समारोह में राजीव अकोटकर ने कहा यह खेल कूद प्रतियोगिता ग्रामीण खिलाडियों के लिए एक बेहतरीन मंच है। जिससे वह खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। एनटीपीसी सिंगरौली इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाडियों का मनोबल बढ़ा रही है और उन्हें आत्मविश्वास एवं ऊँचाईयों तक पहुँचने का अवसर दे रही है। इस कार्यक्रम में कबड्डी, क्रिकेट,रस्सा कस्सी, लॉन्ग जंप, हाई जंप, वालीबॉल, फटबॉल और 100 मीटर रेस जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। यह ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग के वरिष्ठ प्रबंधकए डॉ.ओम प्रकाश के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

### किसानों के हित में काचन जलाशय की नहरों को अतिक्रमण मुक्त कराना जरूरी : कमलेश

**सिंगरौली।** विधानसभा क्षेत्र देवसर के अंतर्गत सिंचाई के क्षेत्र में काचन जलाशय की महत्वपूर्ण भूमिका है। काचन जलाशय से लगभग 28 से ज्यादा गांवों की जमीन सिंचित होती है। जो कि किसानों की आमदनी का मुख्य आधार है। काचन जलाशय से निकलने वाली नहरें अतिक्रमण की चपेट में आने के कारण अस्तित्वहीन होती जा रही हैं। नहरों के अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस ने पत्र के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराते हुए कहा कि काचन जलाशय किसानों के आमदनी में वृद्धि करने का प्रमुख साधन है।

# जमीनी विवाद में परिवार वालों ने की लूट

## पुलिस ने बिना एफआईआर किए बयान लेकर थाने से भगाया

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद के एक मामले में परिवार वालों ने ही एक युवती के साथ मारपीट करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। जहां पीड़िता जब अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंची तो कोतवाली पुलिस ने बिना फिर दर्ज किया सिर्फ बयान लेकर पीड़िता को थाने से भगा दिया। पीड़िता ने कहा कि परिवार वाले ही लोग उसे जान से करने पर तुले हैं। दो दिन पहले जान से मारने की धमकी भी दे चुके हैं।



पीड़िता उजाला पांडे ने बताया कि की सुबह 8:30 बजे अपनी महिला साथी के साथ ड्यूटी के लिए जा रही थी उसी दौरान कचनी तिराहे पर शिवम पांडे पिता राम वंश पांडे चेहरे में नकाब बाध कर स्कूटी को रोकते हुए धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। वहीं पर पहले से घात लगा बैठे उसके साथी सनी पांडे और बिंदु पांडे पहले से मुंह में नकाब बाधकर मारपीट करते हुए स्कूटी मोबाइल और सोने का मंगलसूत्र सहित 10 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने अपने साथ मारपीट और लूट की लिखित शिकायत लेकर जब थाने पहुंची तो कोतवाली पुलिस पीड़िता की शिकायत दर्ज करने के बजाय दूसरे पक्ष को थाने बुला लिया फिर आरोपितो और पुलिस के बीच कुछ देर तक हुई बातचीत के बाद पुलिस के सुर बदल गए और पुलिस पीड़िता उजाला पांडे की बिना शिकायत दर्ज किया सिर्फ बयान लेकर थाने से जाने की बात कह दी। पीड़िता ने बताया कि परिवार वाले ही जमीनी विवाद को लेकर रंजिश रखते हैं और वह जमीन हथियाने के लिए मारपीट करते हैं दो दिन पहले जान से मारने की धमकी भी दिए हैं और आज मारपीट के साथ लूट भी किए हैं। अपने साथ हुई घटना की लिखित शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची तो पुलिस शिकायती पत्र पर ना कोई रिसीविंग दिया और ना ही एफआईआर दर्ज की और जाने के लिए कह दी। पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने उसका बयान लिया है लेकिन बयान लिखते समय मंगलसूत्र और चार नगों का ज्योतिया लाकेट और पैसों की लूट शिकायत में नहीं लिखा है। बार-बार कहने के बाद पुलिस ने कहा कि शिकायत में उतना ही लिखा जाएगा जितना साहब ने कहा है। तुम्हारे हिसाब से शिकायत नहीं लिखी जाएगी।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में हितग्राहियों को किया का रहा है लाभान्वित

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का आयोजन 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चरणबद्ध किया जा रहा है। इस दौरान 11 दिसम्बर से चिन्हांकित 63 सेवाओं एवं 45 हितग्राही मूलक योजनाओं के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किये जाने हेतु जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण दल गठित संपर्क दल द्वारा घर-घर भ्रमण किया जाकर हितग्राहियों का चिन्हाकन एवं फार्म भराने की कार्यवाही उपरान्त संबंधित पोर्टल में एंट्री तथा निराकरण शिविर दिनांकों को किया जा रहा है ।

## कड़कड़ाती ठंड में हिंडालको महान की मानसी महिला मंडल की पहल

# 226 बच्चों को वितरित किए गर्म कपड़े और लेखन सामग्री

**सिंगरौली।** कडकती ठंड के बीच हिंडालको के मानसी महिला मंडल ने बेत विभाग से मिलकर सरस्वती स्कूल डगा और जलपोसी के शासकीय प्राथमिक स्कूल के 226 बच्चों को गर्म कपड़े, लेखन सामग्री और चॉकलेट प्रदान किए। यह कार्यक्रम मातृत्व भाव से भरा था,जिसमें महिला मंडल के चौदह सदस्यों ने बच्चों को ऊनी स्वेटर पहनाए। कार्यक्रम में मानसी महिला मंडल की ओर से कादंबिनी नायक रिती पटनायक, सुमन सिंह, हेमा मिश्रा, सीमा



पाल,हेमा सिंह,महुआ मित्रा, आरती सिंह,रितु गैरोला, स्वाति पाठानिया,ज्योति पाठक, चैताली सरकार उपस्थित रहीं। श्रद्धा मिश्रा और जीनू पाठक ने बच्चों को शिक्षा के प्रति गंभीर रहने की प्रेरणा दी। श्रद्धा मिश्रा ने कहा ज्यो ज्यो ठंड का प्रकोप बढ़ रहा था,वैसे वैसे आपकी चिंता हुई प्रिय बच्चों, इस ठंड में आप सभी को गर्म कपड़े मिलना एक छोटी सी कोशिश है। पढ़ाई के प्रति आपकी गंभीरता आपको जीवन में सफल बनाएगी। हम मानसी महिला मंडल की ओर से हमेशा आपके साथ हैं। सीएसआर प्रमख प्रमुख संजय सिंह ने भी अपने विचार साझा किए हमारा उद्देश्य न केवल बच्चों की भलाई है बल्कि उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य देने का है। इस कार्यक्रम के संचालन में सीएसआर विभाग से बीरेंद्र पाण्डेय, शीतल श्रीवास्तव, धीरेंद्र तिवारी, विजय वैश्य और अरविंद बैश्य का विशेष योगदान रहा।

# किसान के 100 बोरी धान में एक बोरी धान काट रहा समिति प्रबंधक

## किसानो ने परेशान करने का लगाया आरोप, खरीदी केंद्र गन्नई-गजरहिया का मामला

**सिंगरौली।** तहसील क्षेत्र सरई के धान खरीदी केंद्र गन्नई व गजरहिया में जमकर धांधले बाजी चल रही है। सरकार किसानों को उनके उपज का वाजिफ कीमत दिलाने के उद्देश्य से समितियों के माध्यम से धान की खरीदी करवा रही है। यह खरीदी 2 दिसंबर से प्रारंभ है इसके अलावा सरकार किसानों से पंजीयन कराती है। पंजीयन में जमीन का गिरदावली भी देखी जाती है जिससे वास्तविक किसानों का ही उपार्जन के लिए पंजीयन हो। इस वर्ष कुछ किसानों की गिरदावरी समय से



नहीं हो पाई,जिससे वे पंजीयन से वंचित रह गए और अब धान उपार्जन केंद्र में मनमानी का आलम देखने को मिल रही है। खरीदी केंद्र गन्नई गजरहिया के कुछ किसानों ने बताया कि 100 बोरी धान में एक बोरी काटकर लिखी जाती है और समय से बिक्री की पावती भी नहीं मिल पा रही है। जो किसान सौ बोरी धान में एक बोरी देने से इंकार करता है उसके धान में सर्वेयर द्वारा कमियां निकाल दी जाती हैं। और किसान हर तरह से परेशान किया जाता है। किसानों ने इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी सिंगरौली से गुहार लगाई है।

# पुलिस आपकी मित्र है पुलिस से आपको डरने की जरुरत नही है : अर्चना

## विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विंध्यनगर थाने का कराया गया भ्रमण

**सिंगरौली।** हर बच्चे में पुलिस के कामकाज को लेकर जिज्ञासा बनी रहती है कि पुलिस कैसे काम करती है, उनकी कार्यप्रणाली क्या होती है, कैसे थाने में कामकाज होता है। किस तरह से अपराधियों से निपटा जाता है। इन्हीं जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए व बाल मित्र योजना एवं सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बच्चों के मन से पुलिस का भय दूर करने थाना प्रभारी विन्ध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्वारा बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर एनटीपीसी विन्ध्यनगर के छात्र-छात्राओं को थाना विन्ध्यनगर में बुलाकर भ्रमण




कराया। जिसमें लगबग 60 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक, शिक्षिकायें सहभागी बने। नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते एवं थाना प्रभारी विन्ध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी द्वारा थाना भ्रमण पर आये छात्र-छात्राओं को प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करना, शिकायत लिखवाना, आनलाइन रिपोर्ट, 100 डायल, अपराध के कारण एवं दण्ड प्रावधान, प्राथमिक जेल आदि की जानकारियां दी गई । थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है । पुलिस से आपको डरने की जरूरत नहीं है। आप निर्भिक होकर अपनी शिकायत पुलिस थाना आकर कर सकते हैं।

आपातकालीन 100 नम्बर पर डायल कर सकते हैं। पुलिस थाने की महिला अधिकारियों ने बालिकाओं को गुड टच बेड टच की जानकारियों से अवगत कराया और आत्मरक्षा करने के तरीके सिखाएं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेनू व पूनम नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में होंगी शामिल

**सिंगरौली।** 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणवतंत्र दिवस के समारोह में शामिल होने के लिए जिले से दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बतौर अतिथि बुलाया गया है। ये गौरव पाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं हैं रेनू शाह और पूनम सिंह। रेनू ग्राम चाचर में और पूनम ग्राम पोड़ीपाठ में बतौर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदस्थ हैं। जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास अंतर्गत संचालित गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने और खासकर पोषण ट्रैकर एप पर उल्लेखनीय कार्य करने के कारण जिले की इन दोनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ये गौरव मिला है।

# मेगा ट्रेड फेयर के नाम पर लूट, वैढ़न प्रमुख मार्ग को बनाया अघोषित पार्किंग

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय वैढन के बक्ष स्थल में स्थित चुन कुमारी स्टेडियम के अपोजिट साइड मुख्य मार्ग मेगा ट्रेड फेयर के नामक मीना बाजार की अघोषित पार्किंग बन चुकी है जिसमें दिन भर मेला घूमने आने वाले आगंतुकों के वाहनों को मुख्य मार्ग में ही पार्क कराया जा रहा है और ये सब तमाशा शासन के निगरानी में किया जा रहा है क्युकी मेला लगाने की परमिशन प्रशासन के आला अधिकारियों ने ही दी है। अब वही जाने की मेले की परमिशन कुछ पाकर दिए है या दबाव लेकर दिए है किंतु यह तो तय है की यह मेगा ट्रेड फेयर नामक मेला वैढन के मुख्य मार्ग में लगवा कर जन मानस की जिंदगियों से



खिलवाड़ जरूर किया जा रहा है।

बता दे की मेला संचालक द्वारा किसी भी सेफ्टी रूल का ध्यान नहीं रखा गया है मेला संचालक द्वारा सुरक्षा के नाम पर समदडिया बिल्डर्स की जमीन में अपना तंबू तान दिया गया है और मुख्य परिवहन मार्ग को अघोषित पार्किंग बना दिया गया है। अगर कोई भी कारण वश भगदड़ या कोई भी अनहोनी की दुर्घटना होती तो लोगो का पहले तंब्बुओ ने अंदर दम घुटेगा, अगर संयोगबस तंबुओं से बच जाते है तो भगदड़ में मेन रोड में आकर रोड में आने जाने वाले वाहनों से टकराएंगे। इतनी सुरक्षा एवम् सुविधा का इंतजाम मेला प्रबंधन द्वारा किया गया है।

मेला संचालक द्वारा लोगों को मेला का झांसा देकर खुद एवम् अपने मेला सहयोगी मित्रों द्वारा जो की मेले में लोगो को लूटने हेतु दुकान लगाए बैठे है घटिया एवं अमानत वस्तुएं चाहे वह खाने पीने की हो या पहनने की हो दोनों ही सूरते में मनमानी रेट में बेचा जा रहा है। बता दे की मेले के अंदर सजी दुकानों में बड़े शहरों से कम दामों पर इफेक्टिव माल ला कर मेले में मनमानी रेट से बिक्री की जा रही है एवम् फूड विभाग के बिना परमिशन के ही खाद्य सामग्री की भी बिक्री की जा रही है।

# छात्रावास से खाद्यान्न चोरी का वीडियो हुआ वायरल

## अधीक्षक पर कार्यवाही करने से किया जा रहा परहेज

**मझौली।** सीधी विधानसभा अंतर्गत करवाही छात्रावास में बड़ा मामला सामने आया है। जहां कि छात्रावास में छात्राओं के लिए आया खाद्यान्न को बेंचने के लिए वाहन में भेजने का वीडियो वायरल हुआ है। इस मामले में अधीक्षक की लापरवाही मानी जा सकती है। मामले में जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही से अभी तक परहेज कर रहे हैं।

जिले के आदिवासी विकास विभाग में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। जिन वर्गों के आरक्षण से लेकर सुविधाएं दिलाने सरकार तत्पर रहती है, उनकी सुविधाओं पर करवाही में डाका डाला जा रहा है। जिले में विभाग के देख रेख में आश्रम और छात्रावास संचालित हैं। जहां सही निगरानी के अभाव में जनजाति छात्र-छात्राओं को रोजाना नए समस्याओं से जूझना पड़ता है। जिसका ताजा मामला सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत करवाही से आया है। जिसमें करवाही में संचालित आदिवासी बालिका छात्रावास के अधीक्षक द्वारा



खाद्यान्न फोर व्हीलर वाहन स्कॉर्पियो जिसका नंबर एमपी 17 सीबी 6305 में भरकर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है गाड़ी को आधे रास्ते से ग्रामीणों द्वारा जब रोका गया। ग्रामीणों द्वारा पुरजोर विरोध किया गया की बच्चों का खाद्यान्न हर महीने इसी तरह गाड़ी में लाद कर ले जाते हो, यह भ्रष्टाचार अब नहीं होगा, ग्रामीणों के विरोध के बाद अधीक्षक के पति द्वारा गाड़ी को वहां से घुमवाकर पुन: छात्रावास लौट आई और गाड़ी में लदा खाद्यान्न छात्रावास में रखा गया। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा 30 दिसंबर 2024 को शिकायती आवेदन पत्र आदिवासी आयुक्त के नाम पर जानकारी देते हुए दिया गया लेकिन आदिवासी आयुक्त द्वारा दो हफ्ते बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। उल्टा भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिसके चलते अधीक्षक के हौसले और ज्यादा बुलंद है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया की अधीक्षक द्वारा झूठे केस में फंसने की धमकी दी जा रही है, जिसकी शिकायत मझौली पुलिस थाने में भी दी गई है।

### ग्रामीणों ने आयुक्त से इन विषयों पर की शिकायत

ग्रामीणों ने बताया आहार सामग्री खाद्यान्न छात्राओं को भोजन के लिए दिया जाता है। उसको अधीक्षक द्वारा 27 दिसंबर 2024 को विद्यालय एवं छात्रावास की छुट्टी थी, उसी दिन कारवाही के अधीक्षक अपने परिवार के साथ छात्रावास में आकर छात्रावास में रखा खाद्यान्न लाकर चोरी कर रही थीं, जिसमें 11 बोरी गेहूं एवं अन्य सामान थे। इसकी भनक लगने पर ग्रामीण मौके पर उन्हें रोका तो वह झूठे मुकदमे फंसाने की धमकी देने लगीं। जिसकी वीडियो भी ग्रामीणों द्वारा बना ली गई है।

### संबंधित को दी गई है नोटिस, होगी कार्यवाही: सहायक आयुक्त



इस मामले में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त डीके द्विवेदी ने कहा कि हमें इसकी जानकारी मिली है। इस मामले में नोटिस भी जारी किया गया है। जिसका जवाब भी आ गया है। लापरवाही सामने आई है। विकल्प ढूंढ रहे हैं, जल्द ही इस मामले में कार्यवाही की जाएगी।

### वीडियो हमें दीजिए, कराउंगी कार्यवाही: रीती



विधायक रीती पाठक ने कहा कि पूरे मामले की हमें जानकारी दीजिए, वीडियो को देखने के बाद हम निश्चित रूप से दोषियों पर कार्यवाही कराएंगे। छात्राओं के हकों पर डाका डालने का काम जो भी करेंगे उन्हें नहीं बक्सा जाएगा।

# टिकरी पंचायत में भ्रष्टाचार की हदें हो रही पार

## पुल निर्माण पर भारी-भरकम रकम डकार रहे सरपंच एवं सचिव

**सीधी।** जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरी में पुलिया के नाम पर भी भारी-भरकम रकम डकारने का काम किया जा रहा है। हालात यह है कि यहां पुल निर्माण के नाम पर करीब साढ़े छ: लाख का बजट पास किया गया था। परंतु सरपंच एवं सचिव द्वारा पहाडियों से गिट्टी डालकर काम कराया जा रहा है। जो कि गुणवत्ताविहीन होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।

देखा जाए तो टिकरी पंचायत में पुलिया निर्माण के लिए जो राशि आई उसमें घटिया निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। सरपंच तिलकराज सिंह एवं सचिव महेन्द्र शुक्ला के द्वारा इस तरह का घटिया काम कराने की शिकायतें मिली हैं। कहीं न कहीं शासन की योजनाओं के साथ भ्रष्टाचार करने में सरपंच एवं सचिव द्वारा कोई कसर नहीं छोंड़ी जा रही है। ऐसे में शिकायत पर यदि कार्यवाही नहीं होती तो आम जनता के साथ अनदेखी मानी जा सकती है। पुलिया निर्माण में जिस तरह से घटिया मटेरियल एवं



पहाडियों से गिट्टी लाकर उपयोग किया जा रहा है वह पुलिया जल्द ही ध्वस्त हो जाएगी। इसके जिम्मेदार कौन होंगे यह भी एक विचारणीय तथ्य है। इस पर जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करें।

### जानकारी मिलने के बाद निर्माण में लगाई गई रोंक: सीईओ



इस संबंध में जनपद पंचायत मझौली के प्रभारी सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पुलिया का काम हो रहा था। मालूम हुआ कि गिट्टी की गुणवत्ता में अनदेखी की गई थी। शिकायत पर इंजीनियर द्वारा खुद गिट्टी हटवा दिया गया है। मटेरियर हटाने के बाद काम में भी रोंक लगाने सहित गुणवत्ता की अनदेखी पर कार्यवाही की जाएगी।

# जिले के उपार्जन केंद्रों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

## धान का उठाव सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार जिले के सभी 42 उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण राजस्व विभाग के उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहकारिता विभाग के सहकारिता निरीक्षक, खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तथा उपायुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केंद्रीय सहकारी बैंक, वेयरहाउसिंग के प्रबंधक के द्वारा किया जा रहा है।

मौसम को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जित धान का सुरक्षित भंडारण



एवं शीघ्रता से परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा सभी उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उपार्जन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# जनपद मुख्यालयों में शिकायत निवारण के लिए मेगा कैंप का आयोजन 15 जनवरी को

**सीधी।** शासन द्वारा दिनांक 27.01.2025 को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की गई है। शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार 15 जनवरी 2025 को समाधान दिवस के रूप मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में शिकायत निवारण के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं खण्डस्तरीय विभागों के सभी अधिकारी इस शिविर मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें।

जारी आदेशानुसार शिविर के सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। खण्ड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी के रूप् में जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके साथ ही समन्वयक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के नोडल अधिकारी होंगे और वे शिकायकर्ताओं को संबंधित पटवारी, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि के माध्यम से शिविर में लाने एवं पहुंचाने की जिम्मेदारी भी निभाएंगे।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल विषय

आवास सहायता योजना में लाभ न मिलना या दर में विसंगति (आदिम जाति कल्याण विभाग), छात्रावासों में आवास, भोजन साफ-सफाई की समस्याएं (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), जननी सुरक्षा योजना, संबल योजना में राशि ने मिलना (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), नवीन राशन कार्ड जारी करना या पात्रता पर्ची न बनना (खाद्य आपूर्ति विभाग), राजस्व विभाग से संबंधित नामातंरण एवं बंटवारा मामलें, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राशि का अभाव, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना में देरी (महिला एवं बाल विकास), पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति संबंधी शिकायतें, ऊर्जा विभाग से संबंधित बिजली आपूर्ति या वोल्टेज की समस्याएं, मध्यप्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल से संबंधित संबल योजना, पुलिस विभाग में विवेचना में देरी या अन्य नियमितताएं, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजनाओं में देरी, समेकिल छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 1 से 12 तक) में लाभ न मिलना एवं 100 दिवस से अधिक समय सें लंबित शिकायतें का निराकरण भी समाधान कैम्प में किया जाए।

उपरोक्त विषयों के साथ सी.एम. हेल्पलाईन में भुगतान से संबंधित शिकायतें का विशेष रूप से निराकरण कराया जाये। आवश्यकता अनुसार जनपद, क्लस्टर एवं ग्राम पंचायत स्तर में भी कैम्प आयोजित किया जाये। समाधान दिवस के शिविरों का निरीक्षण कलेक्टर और अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि कोलाहल प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर सीधी के 100 मीटर परिधि के क्षेत्र को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया गया है। जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, आन्दोलन, घेराव, नारेबाजी, मसाल का प्रदर्शन तथा सोशल ऐप्स जैसे फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्वीटर, वाट्सएप आदि का उपयोग कर आपत्तिजनक मैसेज, चित्र या चलचित्र का शेयर या फारवार्डिंग नहीं करेगा। साथ ही वाद्य संगीत, ढोल साउण्डवाक्स डी जे आदि का उपयोग नहीं करेगा।

उक्त आदेश का उल्लघंन करते की दशा में सबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह निषेधाज्ञा दिनांक 07 जनवरी 2025 से दिनांक 07 मार्च 2025 तक प्रभावशील रहेगी।

# अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा में सभी मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठन एकजुट हुए

**सीधी।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष चित्रसेन गौतम के द्वारा बताया गया कि म0प्र0 अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 20 मान्यता प्राप्त एवं 33 गैर मान्यता प्राप्त संगठन एकजुट होकर अपनी 46 बिन्दुओ के माग पत्र सभी संगठनो के प्रान्ताध्यक्षों के संयुक्त हस्ताक्षर से दिनांक 27.12.2024 को माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव म0प्र0 शासन भोपाल एवं श्रीमान अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल को सूचना दी जाकर पावती प्राप्त कर ली गई है। सभी मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रान्ताध्यक्षों की बैठक मे उक्त मॉग पत्रों पर कार्यवाही नही होने पर चार चरणों मे आनदोलन करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण- दिनांक 16.01.2025 को माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन जिला कलेक्टरो के माध्यम से सौपा जायेगा। द्वितीय चरण- में दिनांक 24.01.2025 को माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन माननीय प्रभारी मंत्री अथवा माननीय सांसद अथवा माननीय विधायक महोदय के माध्यम से सौंपा जायेगा। तृतीय चरण में दिनांक 07.02.2025 को जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं भोपाल में सतपुड़ा भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन (लंच समय में) किया जायेगा। चतुर्थ चरण में दिनांक 16.02.2025 को प्रदेश के सभी विकासखण्ड तहसील, जिला एवं संभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी लंबित मागों को लेकर अम्बेडकर पार्क भोपाल में प्रान्तव्यापी धरना प्रदर्शन करेगे। शासन प्रशासन द्वारा लंबित मागों का निराकरण नही किये जाने के कारण आगामी चरणों में अनिश्चित कालीन हड़तान की घोषण की जायेगी। उक्त अंन्दोलन के समर्थन में महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती शंती बंशल कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा, अरूण प्रताप सिंह, अजय सिंह, संरक्षक उपेन्द्र सिंह, आर.के जायसवाल, रामसखा गौतम, राजबहोर पाठक, अरूण कुमार द्विवेदी, डॉ. राजकरण शुक्ला, लाल बहादुर सिंह, नरेन्द्र सिंह, रविशंकर शुक्ला, रामकृष्ण तिवारी, राजेश निगम, रजनीश पति त्रिपाठी, राम सुशील पटेल, एस.बी. मिश्रा संध्या मिश्रा, संतोष कुमार तिवारी, शीवेन्द्र सिंह, श्याम सुन्दर तिवारी, सूरज प्रसाद विश्वकर्मा, विजय तिवारी, अखिलेश गौतम, अजय श्रीवास्तव, अंजली तिवारी, अजीता द्विवेदी, नोखेलाल तिवारी, अभय शंकर मिश्रा, अमर बहादुर सिंह, अरूण सिंह सपाक्स, श्रीमती अरूणा शुक्ला, अबधराज अग्नीहोत्री, अवधशरण पाण्डेय, अशोक कुमार चतुर्वेदी, अशोक पाण्डेय, श्रीमती आकाक्षा सेन, आदित्य पाण्डेय, इन्द्रसेन त्रिपाठी, ओम प्रकाश गौतम, कृष्णा गिरी, चंन्देश्वरी प्रसाद तिवारी, चन्द्रशेखर शुक्ला, त्रिवेणी कोल, दयाशंकर त्रिपाठी, दधीच सिंह, डी.के द्विवेदी, पदमेश परिहार, पवन सिंह, प्रभाशंकर मिश्रा, प्रशन्न तिवारी, प्रेमलाल शास्त्री, बृजेश पाण्डेय, भगवानदीन कोल, श्रीमती ममतारानी राय, महेन्द्र प्रताप सिंह, महेन्द्र शुक्ला, मुन्नालाल वर्मा, मोहनचन्द्र गौतम, राकेश सिंह, राजपति कोल, राजेन्द्र सिंह, राजेश तिवारी, राजेश पटेल, रामप्रकाश प्रजापति, रामसजीवन शर्मा, रामनाथ शुक्ला, श्रीमती रामवती तिवारी, श्रीमती लीलावती, विजय सिंह, विनय मिश्रा, विनीत पाण्डेय, विष्णुधर द्विवेदी, संभूनाथ त्रिपाठी

# निर्माण कार्यों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**सीधी।** जिले के कुसमी उपखंड क्षेत्र अंतर्गत बनाया जा रहा नवीन एसडीएम कार्यालय भवन का कुसमी एसडीएम प्रिया पाठक ने निर्माण हो रहे कार्यालय भवन का निरीक्षण किया है। उनके साथ में पीआईयू के एसडीओ एवं उपयंत्री भी थे। जहां एसडीएम के द्वारा भवन में लगने वाले मटेरियल उसकी गुणवत्ता मे किसी तरह की कोई लापरवाही न हो इसके संबंध मे एसडीओ से बातचीत की है। इसके साथ-साथ भवन के लिये कितनी जमीन एलाट है और आसपास कितनी जमीन से बाउंड्रीवॉल कितनी दूर से बननी है। इन सब विषयों पर उन्होंने जानकारी ली है। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिहं तहसीलदार नारायण सिंह हल्का पटवारी भगवार वद्री सिंह और कुसमी के पत्रकार भी थे। बताते चले कि कुसमी एसडीएम कार्यालय जो भगवार पंचायत के भवन पर कई वर्षो से संचालित है। भवन के आभाव से कार्यालय की व्यवस्थाये सही नही हो पा रही है, जिस पर फोकस कर अब एसडीएम ने कहा कि इस भवन को जल्द से जल्द निर्माण करके भवन उपलब्ध कराये क्योंकि कार्यालय नए भवन में ही संचालित हो और किसान को किसी तरह की असुबिधा न होने पाये।

## जे पी पवार प्लांट के फ्लाई ऐश डंप के विरोध मे

# ग्राम पंचायत खजुरिहा के ग्रामीण करेगे आंदोलन

**सीधी।** जेपी पवार प्लांट निगरी द्वारा ग्राम पंचायत खजुरिहा जनपद पंचायत मझौली में दिलीप बिल्डकान कंपनी द्वारा सड़क निर्माण हेतु पत्थर निकाला गया था जिससे वहां पर एक तलाब निर्मित हो गया है जिसमे हमेशा जल भराव बना रहता है जिससे वहां पर सैकड़ों आदिवासी किसान अपनी सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई कर अपना जिबकोपर्जन करते है ग्राम पंचायत खजुरिहा मे दूसरा कोई जलाशय या तालाब न होने से ग्राम वासियों द्वारा उक्त तलाब का उपयोय अन्य सामाजिक कार्यों और पेय जल और पशुओं को पानी पीने के लिए किया जाता हैं ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा में ग्राम वासियों की उपस्थिति में प्रस्ताव पारित कर फ्लाई ऐश डालने का




विरोध कर कलेक्टर सीधी को 2 माह पहले आवेदन दे कर जेपी पवार प्लांट को दी गई अनुमति निरस्त कर फ्लाई ऐश फिलिंग बंद कराए जाने की माग की गई थी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने और जेपी पवार प्लांट द्वारा तलाब का पानी निकाल कर फ्लाई ऐश डालने के के कारण सरपंच के साथ सैकड़ों आदिवासी किसान जान सुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन देकर कहा है की अगर 7 दिवस के अंदर कंपनी को फ्लाई ऐश डालने की अनुमति निरस्त नहीं की जाती तो सभी आदिवासी किसान ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन कर फ्लाई ऐश फिलिंग बंद कराया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवावदारी जिला प्रशासन की होगी।

## वर्ष 2025 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**सीधी।** अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा आदेश जारी कर मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल की अधिसूचना दिनांक 30.03.1999 के अनुसार सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक-4 नियम-8 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के अनुमोदन उपरांत वर्ष 2025 में सीधी जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# तुलसीकृत में राम तत्व और बाल्मीकी में सीता तत्व है: बाला व्यंकटेश

**सीधी।** सीधी शहर के हृदयस्थल पर स्थित पूजापार्क में विगत 3 जनवरी से संगीतमय श्री राम कथा चल रही है। यह कथा निरंतर 11 जनवरी तक चलेगी। कथा के सुधी प्रवक्ता तथा दृष्टान्तों और उद्धरणों के लव्ध प्रतिष्ठ कथा व्यास पं बालाव्यंकटेश शास्त्री अपनी अमृतमयी वाणी से श्रोताओं को लाभान्वित कराते रहेंगे। आज के कथा प्रसंग में महराज जी ने बताया कि भगवान श्री राम चित्रकूट में निस दिन बसते हैं लेकिन उनका दर्शन तभी होगा जब मानव अपने रसना और वासना में नियंत्रण करेगा। ऐसा करने से चित्रकूट की परिधि और चित्रकूट में निवास करने बाले राम सीता की महिमा को समझना संभव हो सकेगा। आगे महराज जी ने एक रोचक बात बताई कि माता जानकी रामजी को जयमाल तो पहना दिये लेकिन राघव के चरण कमल नही



स्पर्श किये। सीता जी ने अपना भाव सुस्पष्ट किया कि सुनने में आया कि राम के चरण स्पर्श से कहीं दूसरी नारि न बन जाय क्योंकि मेरी उंगली में धारित अँगूठी में कुछ ऐसे ही धातु लगे हुए हैं। यदि दूसरी नारि बनी तो समस्या हो जायेगी। दूसरे भाव के अनुसार जानकी सोचीं कि जहा चरण स्पर्श किये तहा हमको भीतर लेजायेंगी सभी सहेलियाँ। फलत: देर तक श्रीराम के रूप रस के पान से बंचित होना पड़ेगा। आगे एक प्रसंग में ब्यास जी महराज ने कहा कि बाबा तुलसी कृत रामचरित मानस रामतत्व प्रधान है किन्तु बाल्मीकि रामायण सीता तत्व प्रधान है। यही दोनो कथाओं में मूल भूत अंतर है।एक परिपेक्ष्य में यह भी महराज जी ने बताया कि राम और सीता में कोई अंतर नही है। दोनो एक हैं।एक यदि शरीर है तो दूसरी आत्मा है।इसी क्रम में महराज जी ने कहा कि भगवान को तभी समझा जा सकता है जब उनकी महती कृपा होगी। इसलिए विद्यामद रूपमद धनमद तथा अन्यान्य अहंकार को त्याग कर भक्त को भगवान के शरण में जाना चाहिए तभी भगवान राम को पहचान सकेगा। इस कथन को महराज जी ने परशुराम संवाद के माध्यम से कथन को प्रामाणिक बनाया कि परशुराम जी धनुष-बाण टूटते ही भरी सभा में कोपित होकर आये किन्तु उनको समझ लोग नही समझ पाये। एक बात और कही व्यास जी ने कही कि संत जन भक्त के मूल स्वभाव को अहंकार के कारण ही समझ पाते हैं। राम कि मर्यादा यह है कि सर्व समर्थ होते हुए भी वह कितने शालीन और विनम्र हैं कि उन्होंने कहा-नाथ शंभु धन भंजनहारा होइहैं कोउ एक दास तुम्हारा।

लक्ष्मण परशुराम संवाद को आरेखित करते हुए प्रसंगानुसार कई मार्मिक चौपाइयों को व्यास जी ने उद्घाटित किया।बहु धनुही तोरी लरकाई कबहू न अस रिस कीन्ह गोसाई के गूढ रहस्य को खोलते हुए बताये कि जब परशुराम अपने साधना में थे तब भगवान शेष ने उनके सभी दिव्यांश को तोड़दिये। तब दिव्यांश को परशुराम ने जल बना दिया और ऊपर टांग दिये। सारे दिव्यांश को जलरूप में दधीच ने पीलिया। उसी दधीच की हड्डी से पिनाक धनुष बनाया गया था। उस पिनाक को तोड़ने का संकेत लखनलाल ने किया कि इस पिनाक पर ममता केंहि हेतु। ऐसा सुनकर परशुराम तिलमिला गये और बोले अपने असली रूप में आजाओ बालक नही तुम्हे श्राप दे दूगा। तब भगवान शेष अपने असली रूप में आये। कथा प्रसंग का श्रवण करने कई शहर के गणमान्य अतिथि आये जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व शासन के मंत्री कमलेश्वर दिवेदी, पूर्व नपा अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, पूर्व सीएमओ मुकुटधारी सिंह चौहान, नपा उपाध्यक्ष दलबहादुर सिंह, रुद्रप्रताप सिंह बावा मडंरिया, पूनम सोनी महिला युवा अध्यक्ष सीधी, एस.पी. शुक्ला सेनि अधीक्षण यंत्री, सुरेश प्रताप सिंह डेम्हा, विनोद मिश्रा पार्षद सहित शहर के अधिकारियों व्यापारियों एवं श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## संपादकीय

### मंदिर में ड्रेस कोड को लेकर हो आम सहमति, तभी हो बदलाव

विवाद शिवगिरी मठ के प्रमुख सच्चिदानंद स्वामी के उस बयान के बाद शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने इस प्रथा को जातिवाद का अवशेष बताते हुए इसे बंद करने का आह्वान किया। इसके बाद ही दोनों तरफ से धुआंधार बयानबाजी शुरू हो गई। जहां स्वामी के समर्थकों का कहना है कि इस प्रथा के पीछे गैरब्राह्मण श्रद्धालुओं को मंदिर से बाहर रखने की मंशा छिपी है, वहीं नायर सर्विस सोसाइटी जैसे संगठनों की दलील है कि मंदिर की परंपरा के साथ छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है। मिलता-जुलता सा एक विवाद 1982 में गुरुवायूर मंदिर परिसर में ब्राह्मण ऊट्टू (ब्रह्मभोज) के दौरान हुआ था, जब अपना ऊपरी बदन बगैर कपड़ों के रखने से इनकार कर रहे एक व्यक्ति के साथ भोजन परोस रहे लोगों ने मारपीट कर दी। उनके मुताबिक यह जानना जरूरी था कि वह व्यक्ति पांत में बैठे जनेऊधारियों की तरह ब्राह्मण है या नहीं। मंदिर की उस प्रथा को चुनौती देने वाले वह व्यक्ति थे स्वामी आनंदतीर्थन जो प्रसिद्ध समाज सुधारक श्रीनारायण गुरु के शिष्य थे और जातिगत भेदभाव के खिलाफ अपने अभियानों के लिए जाने जाते थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री के करुणाकरण ने उस मामले में तत्काल हस्तक्षेप किया। उसी स्थान पर एक भोज आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री समेत सभी समाज के लोग शामिल हुए। उसके बाद ब्राह्मण भोजन की वह परंपरा बंद हो गई। इस बार मौजूदा मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी सच्चिदानंद स्वामी की अपील का समर्थन किया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि कोई भी बदलाव सर्वसम्मति बनाकर ही किया जाना चाहिए। बात सही भी है। आम सहमति के बगैर किया गया बदलाव स्थायी नहीं होता।

**मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना को झेल चुकी दुनिया पर एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की खबर ने दुनियाभर को चिंता में डूबो दिया है, बाजार से लेकर सामान्य जन-जीवन तक में डर, खौफ, अफरा-तफरी एवं असमंजस्य का माहौल व्याप्त है। कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीवी भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। चीन में सांस की बीमारियों के बढ़ते मामलों की खबरों के बाद, भारत सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है।**

# नये चीनी वायरस से चिन्ता में डूबी दुनिया

(ललित गर्ग)

नये वर्ष में प्रवेश की शुभबेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना को झेल चुकी दुनिया पर एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की खबर ने दुनियाभर को चिंता में डूबो दिया है, बाजार से लेकर सामान्य जन-जीवन तक में डर, खौफ, अफरा-तफरी एवं असमंजस्य का माहौल व्याप्त है। कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीवी भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। चीन में सांस की बीमारियों के बढ़ते मामलों की खबरों के बाद, भारत सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ से स्थिति पर लगातार अपडेट देने का अनुरोध किया है।

नये वर्ष में प्रवेश की शुभबेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हैं, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए है। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। भारत में भी चीन का खतरनाक वायरस एचएमपीवी पहुंच गया है। खबरों की मानें तो बेंगलुरु में 8 महीने का एक बच्चा एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। बच्चे का ब्लड टेस्ट किये जाने के बाद ये दावा किया जा रहा है। यह भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला मामला है। हालांकि, भारत में एचएमपीवी वायरस के मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई।

चीन में सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इन्फ्लूएंजा ए, एचएमपीवी, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड सहित कई वायरस फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचएमपीवी मामलों में वृद्धि के कारण अचानक मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा 40 से 80 वर्ष की आयु के लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। चीन की जिम्मेदार एजेंसियां इस वायरस के दुष्प्रभाव को घटाने में लगी हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि चीन इस रोग पर लगाम लगाने में कामयाब हो जाएगा। चीन अपने यहां कोरोना वायरस पर भी लगाम लगाने में एक हद तक कामयाब रहा था। लेकिन वह दूसरे देशों में उसे फैलने से नहीं रोक पाया। लेकिन इस बार अब यह उम्मीद करनी चाहिए कि सजग चीन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने यहां से किसी भी संदिग्ध को किसी दूसरे देश की यात्रा न करने दें। साथ ही इस महामारी पर नियंत्रण पाने में जिस विधि एवं उपचार पद्धति से वह सफलता पाये, उसे समूची दुनिया से साझा करें, ताकि महामारी से महाविनाश का प्रकोप व्यापक न बन सके।

एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। यह वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफ तौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्तूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। कोरोना महामारी तो महाविनाश का कारण बनी थी, एचएमपीवी ऐसा अनर्थ ना करें।

चीन की साख कोरोना महामारी के कारण बहुत गिरी थी, दुनियाभर में लोगों के स्वास्थ्य पर हमला करने वाला चीन दुनिया की नजरों से गिर गया था। आखिर चीन अच्छी-अच्छी वस्तुओं, तकनीक एवं साजोसामान का निर्यात करते-करते महामारियों का निर्यातक क्यों बन गया? स्वास्थ्य एवं वैज्ञानिक क्रांति के लिये अग्रणी चीन अपने यहां आए दिन हो रहे ऐसे संक्रमण को लेकर सजग क्यों नहीं है? अब यह सवाल बिल्कुल जायज है कि वैज्ञानिक या कृत्रिम तरक्की की होड़ में कहीं चीन अपने लोगों के बुनियादी स्वास्थ्य की अनदेखी तो नहीं कर रहा है? कहीं चीनियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त या बहुत कम तो नहीं हो गई है? वे बार-बार किसी-न-किसी प्रकार की महामारी की चपेट में आ रहे हैं और सम्पूर्ण मानव जाति को इससे पीड़ित बना रहे है तो यह गंभीर बात है। क्या इसका बड़ा कारण चीनी लोगों को खान-पान है? जरूरत से ज्यादा सुविधावादी जीवनशैली, कृत्रिम संसाधनों की प्रचुरता एवं अप्राकृतिक जीवन उनकी सेहत पर भारी पड़ रहा है।

ध्यान रहे कोरोना महामारी के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका संतोषजनक नहीं थी। कोरोना महामारी की भयावहता के बावजूद वह चीन के प्रति उदार बना रहा। इसलिये एचएमपीवी महामारी के सन्दर्भ में सवाल उठ रहे हैं कि क्या डब्ल्यूएचओ गंभीरता दिखाते हुए पर्याप्त कदम उठायेगा? क्या उसने कोरोना महामारी के समय चीन से सही सवाल पूछे होते तो इस बीमारी के संभावित खतरे को नियंत्रित किया जा सकता था? क्या कोरोना बीमारी को लेकर विश्व को समय से सलाह न दे पाने में नाकाम रहने के लिए उसे जिम्मेदार माना जाना चाहिए? इस नयी महामारी को लेकर भी इन्हीं कारणों से डब्ल्यूएचओ पर ज्यादा विश्वास कैसे किया जा सकता है? भारत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने शुक्रवार को कहा कि एचएमपीवी एक सामान्य सांस संबंधी वायरस है जो सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। कुछ लोगों को, खासकर बुजुर्गों और शिशुओं को, फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं। लेकिन यह कुछ गंभीर या चिंताजनक नहीं है।' डॉ. गोयल ने भले से मनोवैज्ञानिक तरह से एचएमपीवी वायरस को गंभीर न बताकर इसके आतंक को कम कर दिया है, सरकार भी इस महामारी को लेकर सतर्क है, लेकिन फिर भी इस नये वायरस की त्रासदी एवं संकट से जूझ रहे विश्व-मानव को सावधान रहना चाहिए। विभिन्न देशों की सरकारों एवं डब्ल्यूएचओ का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य के स्तर को ऊंचा उठाना है। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और महामारी का शिकार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे प्रकार के इलाज की अच्छी सुविधा मिल सके, ऐसे प्रयास करने है। इक्कीसवीं सदी की पहली रजत जयन्ती वर्ष की शुरुआत नये वायरस की महामारी के रूप में एक वैश्विक त्रासदी के साथ होना दुःखद है। ऐसी त्रासदी जो विश्व की बड़ी सत्ताओं को मानव कल्याण की नीतियों को अपनाने एवं इंसान को अपने जीवन मूल्यों और जीवनशैली पर पुनर्चिंतन करने को मजबूर कर रही है और उनका आत्मविश्वास एवं मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता व्यक्त कर रही है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार।

# फ्री, फ्री, फ्री... हम हो जाएंगे दिवालिया... मुफ्तखोरी के बढ़ते कल्चर पर यह चेतावनी किसकी ?

(अमित शुक्ला)

फाइनेंशियल इन्फ्लुएंसर और विजडम हैच के संस्थापक अक्षत श्रीवास्तव ने भारत की बढ़ती मुफ्तखोरी की संस्कृति पर चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यह देश को आर्थिक संकट में डाल सकता है। सोशल मीडिया प?लेटफॉर्म च्एक?सज पर एक पोस्ट में श्रीवास्तव ने अमेरिका से तुलना करते हुए बताया कि कैसे मुफ्त की चीजें देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका का कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर है।ब्याज चुकाने में उसकी कमाई का 22 प्रतिशत हिस्सा जाता है। जबकि भारत का कर्ज 180 लाख करोड़ रुपये है और उस पर ब्याज चुकाने में कमाई का 40प्रतिशत हिस्सा चला जाता है, जो अमेरिका से लगभग दोगुना है। वह कहते हैं कि इसके बावजूद हम हर दिन नई योजनाओं से मुफ्तखोरों को पुरस्कृत करते रहते हैं।



यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब राजनीतिक दल लोकलुभावन वादों पर जोर दे रहे हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) ने नई योजनाओं की घोषणा की है। इनमें पुजारियों को 18,000 रुपये मासिक भत्ता और 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये देना शामिल है। 'संजीवनी योजना' के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का भी वादा किया गया है। विपक्ष ने इन घोषणाओं की आलोचना की है, लेकिन यह फ्रीबीज की राजनीति का पुराना चलन है। अक्षत श्रीवास्तव, विजडम हैच के संस्थापक ने कहा कि अगर हम वह धन बांटते रहे जो हमारे पास है ही नहीं, तो हम दिवालिया हो जाएंगे।

**आंकड़ों के साथ कही अपनी बात:** श्रीवास्तव ने अपनी पोस्ट में लिखा, अगर हम वह धन बांटते रहे जो हमारे पास है ही नहीं, तो हम दिवालिया हो जाएंगे। उन्होंने आंकड़ों के साथ समझाया, अमेरिका का कुल कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर है। कुल ब्याज लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर है। यह उनकी आय का लगभग 22 फीसदी है। भारत का कुल कर्ज लगभग 180 लाख करोड़ है। कुल ब्याज 14 लाख करोड़ रुपये है। यह उसकी कमाई का 40 फीसदी है।

यह सिर्फ एक पार्टी की बात नहीं है। चुनावों से पहले बीजेपी और कांग्रेस ने भी लोकलुभावन उपायों का सहारा लिया है। महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता देने का वादा किया था, जबकि कांग्रेस ने चुने जाने पर इसे दोगुना करने का वादा किया था। पंजाब में 300 यूनिट मुफ्त बिजली के वादे से वित्तीय तंगी पैदा हो गई, क्योंकि बिल वसूली में भारी गिरावट आई। हिमाचल प्रदेश पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के बोझ तले दबा हुआ है और उसे चलाने के लिए भारी कर्ज ले रहा है।

**अर्थशास्त्री ऐसी नीतियों के खिलाफ देते रहे हैं चेतावनी:** अर्थशास्त्रियों ने लंबे समय से ऐसी नीतियों के खिलाफ चेतावनी दी है। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह ने इन मुफ्त की चीजों को आर्थिक तबाही का रास्ताञ्ज बताया है। उन्होंने इन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसी सब्सिडी से अलग बताया है, जो लंबे समय में फायदा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनाव में मुफ्तखोरी के वादों के बढ़त चलन को खतरनाक बता चुके हैं। वह मतदाताओं से अल्पकालिक लाभ के बजाय विकास की पहल को प्राथमिकता देने की अपील करते रहे हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी हालिया राज्य वित्त रिपोर्ट में भी इन चिंताओं को दोहराया है। आरबीआई ने चेतावनी दी है कि बढ़ती सब्सिडी बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश को कम कर रही है, जो टिकाऊ आर्थिक विकास के लिए आवश्यक हैं। यह स्पष्ट है कि मुफ्तखोरी की राजनीति भारत के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। इसके दीर्घकालिक परिणामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर हम अपने खर्चों पर नियंत्रण नहीं रखते हैं तो हम एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहे हैं।

## वर्ग पहेली 5607

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | | ■ |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | ■ | 12 |
| | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | 20 | | |
| ■ | 21 | 22 | | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1965 को इस देश में संविधान लागू हुआ था (4)
4. चतुर, होशियार, प्रवीण, प्रसन्न (3)
6. सर्वसाधारण, लोग, पुराणानुसार पांचवां लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है (2)
7. आतंक, भय (4)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कल नहीं (3)
11. प्रेम, प्यार, मोहब्बत (2)
13. नजदीक, करीब, समीप, निकट (2)
14. मुर्ग की जाति का एक प्रसिद्ध पक्षी, कपिंजल (3)
16. चमड़े आदि का कोड़ा यह कहलाता है (3)
19. किसी का नाम किसी बात, आदि के लिए निश्चित किया जाना (5)
21. अखबार, दस्तावेज आदि का विधिक पत्र, समाचार पत्र (3)
23. मुझे (मराठी)(2)
24. धूल आदि साफ करने की वस्तु (3)
25. सोने, चांदी आदि पर बनाया जाने वाला रंगीन काम (2)

**ऊपर से नीचे**

1. इस डायरी में प्रतिदिन की कार्रवाई का विवरण लिखा जाता है (5)
2. स्वीकार करना, धारण को स्थिर करना, सम्मान करना (3)
3. स्मरण, स्मृति (2)
4. पुराणानुसार यह अप्सराओं की जननी है (4)
5. सौ का सूचक अंक (2)
8. निराकरण, निष्पत्ति, एक कृषि उपकरण (2)
10. अशुद्धि, अशुचि, अपवित्र, बेदाग (3)
12. यह मरूस्थल भारत के उत्तर पश्चिम में तथा पाकिस्तान के दक्षिण-पूर्व में स्थित है (2)
15. स्थानांतर, परिवर्तन (4)
17. यह हंगरी की राजधानी है (4)
18. आकाश, अंतरिक्ष, आसमान (2)
19. नारी का अपभ्रंश, गला, गर्दन (2)
20. दृढ़तापूर्वक बैठना, तरल पदार्थ का ठोस रूप में बदलना (2)
22. किंतु, परंतु, डैना, लेकिन (2)

### वर्ग पहेली 5606 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | जी | व | गां | धी | ■ | अ | दा |
| ज | त | न | ■ | र | म | जा | न |
| की | ■ | ज | न | ता | ■ | न | व |
| य | क्ष | ■ | या | ■ | दु | ■ | गु |
| ■ | ति | ■ | दौ | ■ | आ | ब | रू |
| अ | ■ | ■ | र | सि | क | ■ | ■ |
| स | हि | त | ■ | ता | र | पी | न |
| म | त | ■ | गा | र | ना | ■ | ट |

# किसी का पर्यटन किसी की आफत

(अक्षय शुक्ला)

नया साल आने से पहले ही पहाड़ों पर हुई ज़बरदस्त बर्फबारी ने वहां सैलानियों का तूफान ला दिया। कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश इतनी भीड़ पहुंच गई कि सभी मशहूर हिल स्टेशनों में लंबा जाम लग गया। मनाली में सोलांग वैली से अटल टनल के रास्ते में दो हज़ार से अधिक गाड़ियां फंस गईं।

बर्फीली सड़क पर जाम में फंसे एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर फोटो डाल लोगों को चेताया कि इस तरफ आने का सोचना भी मत। फोटो में दिख रहा है कि रात के अंधेरे में बर्फ से पूरी तरह ढक चुकी गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है।

कई घंटों से वहां इसी तरह फंसे लोगों की यह तस्वीर डराने वाली थी। इसके बावजूद वहां जाने वाले लोगों का सैलाब रुका नहीं। न्यूज़ चैनलों पर बर्फ में मस्ती करते लोगों के विडियो देखकर जिसने न भी सोचा हो, बैग उठाकर पहाड़ की ओर निकल गया, इस खबर को अनदेखा कर कि हिमाचल में तीन सौ से अधिक सड़कों को बंद कर दिया गया है।

ऐसी हालत में टूरिस्ट तो परेशान हुए ही, स्थानीय लोगों की मुसीबतें भी कई गुना बढ़ गईं। उन बेचारों की दिनचर्या तो पर्यटकों की भीड़ की वजह से पूरे साल प्रभावित रहती है। शिमला, मसूरी, मनाली, नैनीताल जैसे हिल स्टेशन इतने अधिक लोग जाने लगे हैं कि वहां बारह महीने जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का अपने काम पर और बच्चों का स्कूल आना-जाना दूभर हो जाता है। सैलानियों के ठहरने की व्यवस्था के लिए पहाड़ों पर बेतरतीब निर्माण हो रहा है।

जल्द ही खुलने वाले दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से ढाई घंटे में सफर पूरा करने का दावा किया जा रहा है। ढाई घंटे तो दिल्ली में एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचने में लग जाते हैं। इतने समय में देहरादून पहुंचने का सुनकर तो वीकेंड पर सारी दिल्ली मसूरी का प्लान बनाने लगेगी। पहले से क्राउडेड उस हिल स्टेशन का क्या हाल होगा, ज़रा सोचिए।

दुनिया के तमाम मशहूर पर्यटन स्थलों का यही हाल हो चुका है। कई जगहों पर तो अब पर्यटकों के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा फूटने लगा है। पिछले साल बार्सिलोना के सिटी स्क्वायर में घूम रहे पर्यटकों का स्थानीय लोगों ने टमाटर फेंककर विरोध किया। अपने घर जाओ लिखे बैनर लिए हज़ारों स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए। इनका कहना था कि पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या से पार्किंग के लिए जगह ढूंढना मुश्किल हो रहा है, खानपान और रहना महंगा होता जा रहा है। पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

पिछले साल स्पेन में 8 करोड़ से भी अधिक पर्यटक पहुंचे। वहीं, मात्र 22 लाख की आबादी वाले कैनरी द्वीप समूह में एक करोड़ 60 लाख टूरिस्ट आए। यानी आबादी से सात गुना ज्यादा तो पर्यटक पहुंच गए।

विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या भी तेज़ी से बढ़ी है। बीते 17 नवंबर को एक ही दिन में पांच लाख से अधिक घरेलु यात्रियों के उड़ान भरने का नया रेकॉर्ड बना।

इसमें कोई शक नहीं कि किसी भी जगह की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन का फलना-फूलना अच्छी बात है, लेकिन जब इसकी अति हो जाए तो फायदे से ज्यादा नुकसान झेलना पड़ता है।

अभी तीन महीने पहले मनाए गए विश्व पर्यटन दिवस की थीम थी पर्यटन और शांति। इसमें ज़ोर दिया गया कि पर्यटन कैसे शांति को बढ़ावा दे सकता है और सांस्कृतिक समझ में सुधार ला सकता है। लेकिन यह तभी संभव है, जब सैलानियों की संख्या नियंत्रित करने के साथ ही स्थानीय लोगों के हितों का भी ख्याल रखा जाए। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। ये बदलाव आपके सहकर्मियों के लिए थोड़ी परेशानी का कारण बन सकते हैं। आपकी मददगार प्रवृत्ति के कारण आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। आप अपने अच्छे व्यवहार से कार्यस्थल के माहौल को सामान्य बनाए रखेंगे।

### वृष

आज का दिन परिवार के साथ खुशियों से भरा रहेगा। दोपहर तक कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शाम को किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। रात में किसी शुभ कार्यक्रम में शामिल होने से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में दिन लाभ से भरा होगा ।

### मिथुन

आज कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिल सकती है। इसमें आपके पिता का आशीर्वाद और उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। दिनभर व्यस्तता बनी रहेगी। फिजूलखर्ची से बचने की कोशिश करें। शाम से लेकर रात तक तेज गति वाले वाहनों का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें।

### कर्क

आज अचानक धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापारिक योजनाओं में गति आएगी। आपका मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी फैसला लेने से बचें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है।

### सिंह

आज राजनीति के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आप संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। प्रतिस्पर्धा में आप आगे बढ़ेंगे। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। पाचन संबंधी समस्या और आंखों में तकलीफ हो सकती है। शाम से लेकर रात तक का समय अपनों के साथ हंसी-खुशी में बीतेगा।

### कन्या

आज मेहनत का फल मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। विपरीत परिस्थितियों में गुस्से पर काबू रखें। घर-परिवार की समस्याएं सुलझ जाएंगी। सरकार से भी मदद मिल सकती है। सूर्यास्त के समय अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं।

### तुला

आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बनेंगे। आपकी वाकपटुता आपको सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ की वजह से मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद और लाभदायक रहेगी।

### वृश्चिक

आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन, सम्मान, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अपनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम न रखने से परेशानी हो सकती है। शाम को अपनों से मुलाकात और रात में मनोरंजन का अवसर मिलेगा। आपका दिन सुख सुविधाओं से भरा होगा और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### धनु

आज घर के सामान पर खर्च करना पड़ सकता है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है। पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें, धन फंस सकता है। दिन में सरकारी कामों या कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं, लेकिन अंत में आपकी जीत होगी।

### मकर

आज व्यापार में अच्छा लाभ होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। व्यापार में बदलाव की योजना बन सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी होंगी। शाम को किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है, लेकिन टल भी सकता है। वाहन चलाते समय सावधान रहें।

### कुंभ

आज जीवनसाथी को अचानक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। इस वजह से भागदौड़ और खर्च बढ़ सकता है। किसी संपत्ति की खरीद-बिक्री करते समय उसके सभी कानूनी पहलुओं पर ध्यान दें। शाम को जीवनसाथी की सेहत में सुधार होगा, लेकिन पूरी तरह ठीक होने में समय लगेगा। आपका दिन लाभ और तरक?की से भरा होगा।

### मीन

आज वैवाहिक जीवन आनंददायक रहेगा। आज छोटी या लंबी यात्रा हो सकती है। व्यापार में तरक्की से खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा। शाम को घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका मन भी शांत रहेगा। माता-पिता की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी और आपको लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में कुछ देखने को बचा नहीं, बस शीशमहल जाने की बहुत इच्छा: हिमंता बिस्वा सरमा



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले उस बंगले को लेकर हंगामा बढ़ गया है जिसमें अरविंद केजरीवाल बतौर मुख्यमंत्री रहे रहे थे और जिसे भाजपा शीशमहल कहती है। बंगले पर सीएजी की रिपोर्ट लीक होने के बाद भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री की घेराबंदी तेज कर दी है। इस बीच असम के मुख्यमंत्री और कई मुद्दों पर अरविंद केजरीवाल से उलझ चुके हिमंता बिस्वा सरमा ने भी तंज कहा है। हिमंता ने कहा कि शीशमहल को म्यूजियम घोषित करना चाहिए और उनके मन में भी शीशमहल देखने की बहुत इच्छा है। सरमा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए अरविंद केजरीवाल पर बंगले को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक देख चुके हैं, अब शीशमहल देखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी मुख्यमंत्रियों को उसमें जाकर देखने की अनुमति देनी चाहिए। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, मेरा तो यही मानना है कि शीशमहल को नेशनल म्यूजियम घोषित कर देना चाहिए। हमें भी मौका मिलना चाहिए एक बार देखने के लिए। शीशमहल की नकल करके हम असम में सीएम का बंगला बना सकते हैं क्या? उन्होंने आगे कहा, दिल्ली में अब कुछ तो बाकी रहा नहीं हे देखने के लिए, एक दो बार मैं मोहल्ला क्लीनिक देखने गया, कुछ नहीं है। पहले मैं सोचता था कि मोहल्ला क्लीनिक ताजमहल जैसा होगा जाकर देखा तो कुछ नहीं। केजरीवाल ने एक ही चीज देखने लायक बनाई, शीशमहल। एक बार वह देखने की मेरे मन में इच्छा है। मैं कोशिश करूंगा। मेरे मन में बहुत इच्छा है, मौका मिलने पर मैं देखने जाऊंगा। उन्हें इसकी अनुमति देनी चाहिए। मेरी अपील है कि एक बार सभी सीएम को वहां जाने की अनुमति देनी चाहिए। हिमंता बिस्वा सरमा और अरविंद केजरीवाल के बीच पहले भी कई मौकों पर जुबानी जंग हो चुकी है। दोनों सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे को चुनौती दे चुके हैं। अब दिल्ली में चुनाव से पहले एक बार फिर इसमें तेजी आ सकती है। हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा के स्टार प्रचारकों में शामिल हो सकते हैं।

### शिमला में मां बनी किशोरी, बच्ची को दिया जन्म; पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज किया दुष्कर्म का केस

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के शिमला में दुष्कर्म की शिकार 16 वर्षीय एक किशोरी ने अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किशोरी के बयान दर्ज कर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है। अभी तक आरोपी का पता नहीं लग पाया है। ये घटना शिमला जिला के रामपुर उपमण्डल में सामने आई है। मामले के अनुसार, किशोरी के परिजनों को पहले ही बेटी के गर्भवती होने की जानकारी थी, लेकिन लोक-लाज के डर से उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया। मंगलवार को पीड़िता ने जब अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया तो इस घटना से पर्दा उठा। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि नवंबर 2024 में उनकी सबसे छोटी बेटी (16 वर्ष) के पेट में दर्द उठा था। जब उसे इलाज के लिए रामपुर के एक अस्पताल में ले गए थे, जहां डॉक्टर ने उसका अल्ट्रासाउंड कराने को कहा था। अल्ट्रासाउंड में पता चला कि उसकी बेटी सात महीने की गर्भवती है। इसके बाद 7 जनवरी 2025 को दर्द होने पर बेटी को दोबारा अस्पताल लाया गया और पीड़िता ने वहां बच्ची को जन्म दिया। डॉक्टरों ने जच्चा-बच्चा दोनों को आगे के इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया है। पीड़िता ने पूछताछ में परिजनों को बताया कि वह आरोपी को नहीं जानती है। पीड़िता के पिता ने शिकायत में कहा है कि उनकी बेटी के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुष्कर्म किया है और प्रसव के कारण उसकी यह हालत हुई है। उन्होंने अज्ञात शख्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर, पुलिस ने इस संबंध में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रामपुर पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### बीजापुर में मारे गए 8 पुलिसकर्मियों में से 5 थे पूर्व नक्सली, माओवादी विचारधारा छोड़ पुलिस में हुए थे भर्ती

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को माओवादी विस्फोट में मारे गए आठ सुरक्षाकर्मियों में से पांच सुरक्षाकर्मी नक्सलवाद छोड़कर पुलिस बल में शामिल हुए थे। इस बारे में मंगलवार को जानकारी देते हुए बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि विस्फोट में मारे गए जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के हेड कांस्टेबल बुधराम कोरसा और कांस्टेबल डूम्मा मरकाम, पंडरू राम एवं बामन सोढ़ी तथा बस्तर फाइटर्स के कांस्टेबल सोमडू वेट्टी सुरक्षाबल में शामिल होने से पहले नक्सली के रूप में सक्रिय थे। वे आत्मसमर्पण करने के बाद पुलिस में शामिल हुए थे। सुंदरराज ने बताया कि कोरसा और सोढ़ी बीजापुर जिले के निवासी थे, जबकि तीन अन्य पड़ोसी दंतेवाड़ा जिले के थे। उन्होंने बताया कि पिछले साल सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में 792 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। जिले के कुटरू थाना क्षेत्र के अंबेली गांव के पास सुरक्षाकर्मियों के काफिले में शामिल एक वाहन को नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट करके उड़ा दिया था।

# नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटना में जीवित बचे लोगों के लिए कैशलेश ट्रीटमेंट स्कीम की घोषणा की



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में कुछ समय से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसी बीच सड़क पर होने वाले हादसों को देखते हुए अब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ी घोषणा की है। नितिन गडकरी के मुताबिक सभी दुर्घटना पीड़ितों के लिए सात दिनों के लिए 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान करने की चल रही पायलट पहल को मार्च 2025 तक सभी राज्यों में विस्तारित किया जाएगा। नितिन गडकरी ने कहा कि मंत्रालय नई बसों और ट्रकों के लिए तीन नई प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों को अनिवार्य रूप से लागू करने वाला है। इसमें एक ऑडियो चेतावनी प्रणाली भी शामिल है, जिससे ड्राइवरों को भी चेतावनी मिलेगी कि वे गाड़ी चलाते समय सो रहे हैं। उन्होंने मंत्रालय की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2022 में ट्रकों और वाहनों के बीच टक्कर के कारण 33,000 लोग मारे गए। मंत्री महोदय ने यह बात मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों के परिवहन सचिवों और आयुक्तों के साथ दो दिनों तक कार्यशालाओं और बैठकों के आयोजन के बाद कही। कैशलेस बीमा योजना के बारे में गडकरी ने कहा कि असम, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तराखंड, पुडुचेरी और हरियाणा जैसे राज्यों में संचालित इस पायलट योजना से अब तक 6,840 लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि एक बार योजना शुरू हो जाने पर, हम स्वर्णिम समय में उपचार सुनिश्चित करके 50,000 लोगों की जान बचाने में सक्षम होंगे। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि अंतिम योजना सभी राज्यों के पायलटों की सभी बारीकियों और समझ को शामिल करके तैयार की जाएगी। पिछले साल के अंत में बोलते हुए, मंत्री ने कहा था कि 2023 में पूरे भारत में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतें बढ़कर 1.72 लाख हो जाएंगी, जो 2022 से 4.2प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती हैं। एक अधिकारी ने बताया कि भारी वाहनों के लिए अन्य दो तकनीकी हस्तक्षेप इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता नियंत्रण और स्वचालित आपातकालीन ब्रेकिंग प्रणाली हैं, जो बहुत अधिक या बहुत कम स्टीयरिंग नियंत्रण का पता लगाने के बाद सक्रिय हो जाएंगे। गडकरी ने कहा कि मंत्रालय आधार-आधारित या अन्य तकनीक-आधारित प्रणाली पर भी विचार कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चालक वाणिज्यिक वाहनों को एक दिन में आठ घंटे से अधिक न चला सकें। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि दुर्घटना पीड़ितों को बचाने वाले नेक लोगों के लिए पुरस्कार राशि, जो वर्तमान में 5,000 रुपये है, को भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से बात की है ताकि राजमार्गों के किनारे हेलीपैड तैयार करके एयर एम्बुलेंस के संचालन को आसान बनाया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि कुछ अस्पतालों में एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था हो। गडकरी ने कहा कि भारत में कुशल ड्राइवरों की भारी कमी है। मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, देश में 22 लाख कुशल ड्राइवरों की कमी है और 75प्रतिशत परिवहन व्यवसाय कुशल ड्राइवरों की कमी से प्रभावित हैं। हर 100 ट्रकों के लिए केवल 75 ड्राइवर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अनधिकृत ड्राइवरों द्वारा चलाए जा रहे वाहनों के कारण कुल 30,000 मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि समाधान के तौर पर मंत्रालय केंद्र से पूंजी निवेश के साथ 1,250 नए ड्राइविंग लर्निंग सेंटर खोलेगा। मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत स्टेज 7 (बीएस 7) उत्सर्जन मानदंडों का मसौदा इस साल के अंत तक जारी कर दिया जाएगा और हितधारकों के साथ परामर्श 2025 के मध्य तक शुरू हो जाएगा। मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ई-रिक्शा के लिए मानक भी लाएगी ताकि उनकी सुरक्षा और लंबी उम्र सुनिश्चित की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऑपरेटरों को नुकसान न हो। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि वाहन, स्क्रैपेज नीति में सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार कार्बन क्रेडिट जैसी व्यवस्था बनाने पर काम कर रही है।

## आम आदमी को बड़ी राहत: 10 लाख तक कमाई वाले लोगों को चुकाना पड़ेगा ज़ीरो टैक्स




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इनकम टैक्स के बोझ से जूझ रहे लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। केंद्र सरकार बजट 2025-26 के दौरान इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव या छूट की घोषणा कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2025 को बजट पेश करने वाली हैं, जिसमें करदाताओं को राहत देने के लिए नई योजनाओं और प्रस्तावों की उम्मीद की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सुझाव दिया है कि सालाना 10 लाख रुपये तक की आय वाले करदाताओं को टैक्स से पूरी तरह छूट दी जाए। उनका मानना है कि यह कदम मध्यम वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा और घरेलू खपत को बढ़ावा देगा। फिलहाल, नई टैक्स व्यवस्था के तहत आयकर में 7 लाख रुपये तक छूट मिल रही है। इसे और बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक किया जा सकता है। वहीं, पुरानी टैक्स व्यवस्था में छूट की सीमा को 2.5 लाख रुपये से बढ़ाने पर भी चर्चा हो रही है। मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन, होम लोन पर ब्याज दर छूट, और चिकित्सा खर्चों में अधिक छूट मिलने की संभावना है। सरकार कर स्लैब को सरल बनाने और टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को और आसान बनाने के उपाय कर सकती है। सरकार का फोकस बड़े टैक्सपेयर्स पर बढ़ेगा हर साल करीब 7 करोड़ लोग इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश टैक्सपेयर्स कम टैक्स चुकाते हैं। प्रोसेसिंग का बोझ कमः टैक्स फ्री आय की सीमा बढ़ाने से सरकार को कम आय वाले करदाताओं के रिटर्न की प्रोसेसिंग पर कम समय और संसाधन खर्च करना पड़ेगा।

## चीन के ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाने को लेकर भारत है सतर्क: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर सुपर डैम बनाने की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर हलचल मची हुई है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा है कि तिब्बत में भारत की सीमा के पास बांध बनाने की चीन की योजना को लेकर भारत सतर्क है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा है कि चीन को इसका ध्यान रखना होगा कि इससे भारत जैसे देशों के हितों को नुकसान न पहुंचे। ब्रह्मपुत्र पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की चीन की योजना पर भारत ने कहा है कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए जांच जारी रखेगा और जरूरी कदम उठाएगा। रक्षा मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान बांध के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''भारत सरकार सतर्क है।'' उन्होंने चीन से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की है कि ब्रह्मपुत्र के निचले बहाव वाले इलाकों के हितों को ऊपरी इलाकों में होने वाली गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे। राजनाथ सिंह मंगलवार को यहां माध्यमिक शिक्षक संघ के मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में आयोजित राज्य सम्मेलन में पहुंचे थे।गौरतलब है कि चीन ने पिछले महीने तिब्बत में भारत की सीमा के करीब ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की योजना को मंजूरी दी थी।

# मोदी सरकार का बड़ा फैसला, राजघाट परिसर में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि; भूमि चिन्हित करने को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्मृति परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं। शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती। प्रणब मुखर्जी जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे थे। उन्हें



2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। कुछ दिनों पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद जब कांग्रेस कार्यसमिति ने एक बैठक कर उनके निधन पर दुख जताया था और उनका स्मारक बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था, तब शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह सवाल भी उठाया था कि उनके पिता के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की कोई बैठक क्यों नहीं बुलाई गई और कोई प्रस्ताव क्यों नहीं पारित किया गया? शर्मिष्ठा ने कहा था कि उन्हें बुरा लगा था जब उनके पिता के निधन के बाद सीडब्ल्यूसी की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई है। उन्होंने सवाल किया, ''कांग्रेस को इसके लिए जवाब देना होगा। मैं केवल तथ्य बता सकती हूं। लेकिन मैं बस इतना जोड़ना चाहती हूं कि मुझे नहीं पता कि यह जानबूझकर किया गया या ये सरासर लापरवाही थी। इतनी पुरानी पार्टी में क्या परंपराएं हैं?'' शर्मिष्ठा ने तब 'पीटीआई वीडियो' से कहा था, ''यदि संस्थागत स्मृति लोप हुआ है, यदि राहुल गांधी और उनके आसपास के लोग यह नहीं जानते कि कांग्रेस ने ऐसी पूर्व स्थितियों में किस प्रकार कार्य किया, तो यह अपने आप में कांग्रेस के भीतर गंभीर और दुखद स्थिति है।

## समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट में आज फिर होगी सुनवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ गुरुवार को समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने वाले अक्तूबर 2023 के अपने फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ इस मामले से संबंधित 13 याचिकाओं पर अपने चैंबर में विचार करेंगी। नियम के अनुसार पुनर्विचार याचिकाओं पर जज चैंबर में विचार करते हैं। शीर्ष अदालत ने पुनर्विचार याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। 10 जुलाई, 2024 को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा समीक्षा याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग करने के बाद नई पीठ का गठन किया गया था। विशेष रूप से, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा पांच न्यायाधीशों वाली मूल संविधान पीठ के एकमात्र सदस्य हैं, जिन्होंने इस पूर्व में फैसला सुनाया था। समलैंगिक विवाह और नागरिक संघों की कानूनी मान्यता से संबंधित महत्वपूर्ण



मामले की समीक्षा प्रक्रिया जुलाई 2024 में अस्थायी रूप से रुक गई, जब न्यायमूर्ति खन्ना ने इस मामले से खुद को अलग कर लिया। पहले की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस खन्ना, कोहली, नागरत्ना और नरसिम्हा शामिल थे, ने 17 अक्टूबर 2023 के फैसले की समीक्षा करने का निर्णय लिया था। इसमें समलैंगिक विवाह और नागरिक संघों को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया गया था और यह मामला संसद तथा राज्य की विधानसभाओं पर छोड़ दिया गया था। न्यायमूर्ति खन्ना के हटने के बाद पीठ में आवश्यक कोरम की कमी हो गई। हालांकि न्यायमूर्ति खन्ना ने नवंबर 2024 में भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद संभाला। उन्होंने अपनी प्रशासनिक क्षमता में पीठ का पुनर्गठन किया है। इस मामले के पिछले उल्लेख के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि याचिकाओं में राष्ट्रीय महत्व और सामाजिक परिवर्तन से जुड़े महत्वपूर्ण सवाल उठाए गए हैं। उनका यह मानना था कि यह मामले चैंबर सुनवाई के सामान्य मानदंड से बाहर हैं और इन पर व्यापक सार्वजनिक ध्यान दिया जाना चाहिए।

17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने 3-2 बहुमत से समलैंगिक विवाह और नागरिक संघों को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। इस मुद्दे को विधायी क्षेत्राधिकार में डाला था। तीन जजों का का कहना था कि समलैंगिक जोड़ों को विवाह करने या नागरिक संघों में प्रवेश करने का अधिकार संविधान द्वारा संरक्षित नहीं है। हालांकि, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने असहमति जताई थी। उन्होंने समलैंगिक व्यक्तियों के संघ बनाने और बच्चों को गोद लेने के संवैधानिक अधिकारों पर जोर दिया।

## रमेश बिधूड़ी से टिकट छीने जाने की चर्चा, बयानबाजी के बाद भाजपा में मंथन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी सीट से उतारे गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बड़े नेता और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी टिकट मिलने के अगले दिन से ही सुर्खियों में हैं। पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और फिर आतिशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने की वजह से भाजपा असहज है। चर्चा है कि पार्टी बिधूड़ी पर कोई बड़ा फैसला कर सकती है, जिसके लिए मंथन का दौर चल रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बिधूड़ी की जगह भाजपा किसी महिला उम्मीदवार को उतार सकती है। पार्टी सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा है कि बिधूड़ी के बयानों के बाद संगठन की कम से कम दो बैठकें हो चुकी हैं जिनमें पूर्व सांसद को किसी और सीट पर भेजने या फिर टिकट रद्द करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई है। दक्षिणी दिल्ली से दो बार के सांसद और तीन बार विधायक रह चुके बिधूड़ी गुर्जर समुदाय के बड़े नेता हैं। भाजपा के एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि सिर्फ आतिशी के खिलाफ ही नहीं, प्रियंका गांधी वाड्रा पर रमेश के बयान के कारण उन्हें नड्डाजी से फटकार खानी पड़ी है। कुछ अन्य सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बिधूड़ी की जगह कुछ और महिला उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई है। हालांकि, यह अभी शुरुआती चरण में है। बिधूड़ी के बयान को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्य चुनाव



आयुक्त राजीव कुमार ने भी महिलाओं के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी को लेकर राजनीतिक दलों को आगाह किया। प्रियंका गांधी को लेकर दिए गए अपने बयान पर जहां बिधूड़ी ने खेद जताया था, लेकिन आतिशी को लेकर जो बात कही उसे आम आदमी पार्टी ने बड़ा मुद्दा बना लिया है। आप कह रही है कि बिधूड़ी ने सिर्फ आतिशी नहीं बल्कि दिल्ली की महिलाओं का अपमान किया और चुनाव में उन्हें इसका जनता जवाब देगी। 10 साल की एंटी इनकंबेंसी से जूझ रही आप को जहां भाजपा खराब सड़क, गंदे पानी की आपूर्ति और सीवर जैसी स्थानीय समस्याओं पर घेर रही है।

# केंद्र के एक और फैसले का मुख्यमंत्री स्टालिन ने किया विरोध, बोले- नया यूजीसी नियम मंजूर नहीं; चुप ना बैठेंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर केंद्र के फैसले को विरोध किया है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा विनियम 2025, राज्यपालों को कुलपति की नियुक्तियों के सिलसिले में व्यापक शक्तियां प्रदान करते हैं और गैर-शिक्षाविदों को इन पदों पर नियुक्त करने की अनुमति देते हैं, जो संघवाद और राज्य के अधिकारों पर सीधा हमला है।

उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा 6 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में जारी किए गए यूजीसी विनियम, 2025 के मसौदे पर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का यह अधिनायकवादी कदम सत्ता को केंद्रीकृत करने और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई राज्य सरकारों को कमजोर करने की कोशिश है। बता दें कि ये विनियम विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मियों की नियुक्ति व पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यताएं निर्धारित करते हैं तथा उच्च शिक्षा में मानकों को बनाए रखने के उपाय करते हैं। कार्यक्रम में प्रधान ने कहा था कि ये मसौदा सुधार और दिशानिर्देश उच्च शिक्षा के हर पहलू में नवाचार, समावेशिता, लचीलापन और गतिशीलता लाएंगे, शिक्षकों और



शैक्षणिक कर्मियों को सशक्त बनाएंगे, शैक्षणिक मानकों को मजबूत करेंगे और शैक्षिक उत्कृष्टता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इस पर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''शिक्षा जनता द्वारा चुने गए लोगों के हाथों में रहनी चाहिए, न कि भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाले राज्यपालों के हाथों में।'' उन्होंने कहा, ''शिक्षा हमारे संविधान में समवर्ती सूची का विषय है, और इसलिए हम मानते हैं कि यूजीसी द्वारा एकतरफा तरीके से यह अधिसूचना जारी करने का कदम असंवैधानिक है। यह अस्वीकार्य है, और तमिलनाडु कानूनी और राजनीतिक रूप से इसका मुकाबला करेगा।'' उन्होंने लिखा, तमिलनाडु, जो शीर्ष रैंकिंग वाले उच्च शिक्षा संस्थानों की सबसे अधिक संख्या के साथ देश में सबसे आगे है, चुप नहीं बैठेगा क्योंकि हमारे संस्थानों की स्वायत्तता छीन ली गई है। इससे पहले वह एक देश एक चुनाव पर भी केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल चुके हैं। उन्होंने पिछले महीने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा एक देश एक चुनाव बिल को पास करने पर आपत्ति जताई थी और ट्वीट कर कहा था कि यह कदम क्षेत्रीय आवाज को मिटाने वाला और संघवाद को खत्म करने वाला है।

## महीश तीक्षणा बने वनडे में हैट्रिक लेने वाले श्रीलंका के 7वें गेंदबाज, न्यूजीलैंड ने जीता मैच

**हैमिल्टन, एजेंसी।** महीश तीक्ष्णा ने बुधवार को वनडे क्रिकेट में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका के के सातवें गेंदबाज हैं, जिन्होंने यह कारनामा किया है। तीक्ष्णा की यह हैट्रिक तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में सेडन पार्क में हुई। यह सीरीज श्रीलंका



और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही है। मेहमान टीम की ओर से तीक्ष्णा ने यह उपलब्धि दो ओवरों में हासिल की। 35वें ओवर में, उन्होंने लगातार दो गेंदों पर न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ को आउट किया। इसके बाद 37वें ओवर की पहली ही गेंद पर मैट हेनरी को पवेलियन भेजकर अपनी हैट्रिक पूरी की।

तीक्ष्णा ने 8 ओवर में 44 रन देकर 4 विकेट झटके और अपनी स्पिन गेंदबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह श्रीलंका के किसी गेंदबाज द्वारा छह साल बाद वनडे में हैट्रिक है। इससे पहले 2018 में दुश्मंथा मदुशनका ने बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। महीश तीक्ष्णा अब श्रीलंका के उन चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने वनडे में हैट्रिक ली है। इनमें चमिंडा वास, लसिथ मलिंगा, दिलशान मदुशनका, थिसारा परेरा, परवेज महरूफ और वानिंदु हसरंगा जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं।

न्यूजीलैंड की पारी की बात करें तो रचिन रवींद्र ने 79 और मार्क चैपमैन ने 62 रनों की पारी खेली। बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ और मैच 37 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 255/9 का स्कोर बनाया। इसके बाद श्रीलंका की टीम मात्र 30.2 ओवर में 142 रनों पर आउट हो गई। इस तरह से बारिश से प्रभावित मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों से करारी हार मिली। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 66 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेली। कोई और बल्लेबाज खास योगदान नहीं कर सका। न्यूजीलैंड की गेंदबाजी में मैक हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर को एक-एक विकेट मिला। विलियम ओरुरके ने सर्वाधिक 3 और जैकब डफी को 2 विकेट मिले। यह तीन मैचों की वनडे सीरीज है जिसमें कीवी टीम ने 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

## रणतुंगा ने दो स्तरीय टेस्ट क्रिकेट के खिलाफ चेतावनी दी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के 1996 विश्व कप विजेता कप्तान और क्रिकेट आइकन अर्जुन रणतुंगा ने क्रिकेट के बिग थ्री - भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया - द्वारा टेस्ट क्रिकेट परिदृश्य को पुनर्गठित करने के प्रस्ताव के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की है। तीनों शक्तिशाली देश एक दो स्तरीय प्रणाली बनाने की योजना बना रहे हैं जो अपने बीच मैचों को प्राथमिकता देगी, जिससे अन्य क्रिकेट खेलने वाले देशों को द्वितीयक दर्जा मिलेगा। रणतुंगा को डर है कि इस कदम से खेल के विकास को गंभीर नुकसान हो सकता है, खासकर छोटे क्रिकेट खेलने वाले देशों में।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की एक रिपोर्ट से पता चला है कि भारतीय, अंग्रेजी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख इस महीने के अंत में विवादास्पद प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए आईसीसी अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

एजेंडे में बिग थ्री के बीच टेस्ट मैचों की आवृत्ति बढ़ाने की योजना शामिल है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ये टीमें हर चार साल में एक बार के बजाय हर तीन साल में दो बार एक-दूसरे के साथ खेलें। इस व्यवस्था से श्रीलंका, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज जैसे अन्य देशों के खिलाफ़ मैचों के लिए कम जगह बचेगी, जिससे बिग थ्री के बाहर की टीमें प्रभावी रूप से हाशिए पर चली जाएंगी।




# क्या गुरु गंभीर के दबाव में रोहित और विराट खेलेंगे रणजी ट्रॉफी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में फ्यूचर बचा हुआ है? यह सवाल हेड कोच गौतम गंभीर से पूछा गया था. इस इस पर गंभीर ने कहा, यह उन पर निर्भर करता है. वहीं गंभीर ने यह भी स्पष्ट किया कि वह चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट में खेलने वाले खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट को गंभीरता से लें और अगर वे कहीं और खेलने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं तो रणजी ट्रॉफी खेलें.

यानी एक बात तो साफ है कि इशारों- इशारों में हेड कोच गौतम गंभीर ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि कोहली और रोहित को घरेलू क्रिकेट में, खास तौर पर रेडबॉल क्रिकेट खेखेलने के लिए उतरना होगा. भारत के कई सुपर स्टार क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट के रेड बॉल फॉर्मेट (फर्स्ट क्लास क्रिकेट) से लंबे समय से दूर हैं. विराट कोहली (2 से 5 नवंबर) ने आखिरी बार 2012 में घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेला था, रोहित शर्मा ने 2015 (7 से 10 नवंबर) में खेलते हुए दिखे थे. कोहली ने यह मुकाबला गाजियाबाद में यूपी के खिलाफ खेला, जहां उन्होंने दोनों पारियों में 14 और 43 रन बनाए. वहीं रोहित आखिरी बार फर्स्ट क्लास मैच यूपी के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेलते दिखे थे, जहां उन्होंने 113 रनों की शानदार पारी खेली. पिछले चार वर्षों में शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा , मोहम्मद सिराज और केएल राहुल ने कुल मिलाकर सिर्फ चार लंबे फॉर्मेट वाले घरेलू मैच खेले हैं.

आंकड़े खुद ही सब कुछ बयां कर रहे हैं. भारत की टेस्ट टीम के मुख्य खिलाड़ी बमुश्किल ही घरेलू मैदानों पर खेलते हैं, और लाल गेंद से मैच खेलने का अभ्यास न होने का असर इंटरनेशनल नतीजों पर पड़ रहा है.

रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गत रविवार को ऑस्ट्रेलिया के सामने सरेंडर कर दी. इससे पहले टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था. इन दो झटकों के कारण ही भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल खेलने से चूक गया.

कोहली ने BGT के 5 टेस्ट मैचों में 190 रन 23.75 के एवरेज से बनाए. वहीं रोहित शर्मा का तो बल्ले से बहुत ही बुरा हाल रहा. रोहित शर्मा ने 3 मैचों में महज 31 रन 6.20 के एवरेज साथ बना पाए. वहीं कई दिग्गज क्रिकेटर भी रोहित शर्मा और कोहली को घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दे चुके हैं.



## बेन स्टोक्स को हॉस्पिटल में कराना पड़ा एडमिट, हुआ बड़ा ऑपरेशन

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड की टीम पिछले साल दिसंबर के महीने में न्यूजीलैंड के दौरे पर गई थी. इस टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में उन्हें हैमस्ट्रिंग की इंजरी हो गई थी. अब इस इंजरी की वजह से उन्हें हॉस्पिटल में जाकर एक बड़ी सर्जरी करानी पड़ी है. उन्होंने इसे लेकर अपने सोशल मीडिया पर ताजा अपडेट दिया है. स्टोक्स ने सर्जरी के बाद अपने पांव की तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पैर में ब्रेस लगाए हुए नजर आ रहे हैं. वो कार में हैं और अपने पांव के नीच तकिया भी रखा हुआ है. तस्वीर को देखकर कहा जा सकता है कि इंजरी गंभीर थी, जिसके लिए बड़ा ऑपरेशन करना पड़ा. अब सवाल है कि आखिर अब वो मैदान पर कब तक वापसी करेंगे?

सर्जरी के बाद बेन स्टोक्स के पांव में लगे मशीन को देखने के बाद सवाल गहरा गया कि आखिर वो कब तक मैदान से बाहर रहेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें पूरी तरह से रिकवरी करने में 3 महीने का समय लगेगा. हालांकि, उन्होंने अपनी पोस्ट में हिंट देते हुए बताया है कि वो जल्दी ही एक्शन में देखेंगे. इंग्लैंड के कप्तान ने लिखा 'सर्जरी हुई है. इसलिए कुछ दिनों के लिए बायोनिक मैन बना हुआ हूं. जल्दी ही वापसी करुंगा.' उनकी पोस्ट पर कई फैंस ने उनके जल्दी ठीक होने की कामना की है.

### चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर स्टोक्स

बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टीम का अहम हिस्सा हैं. श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी वो इंजरी का शिकार थे. इसके बाद वो न्यूजीलैंड दौरे पर पूरी तरह फिट होकर कप्तान और ऑलराउंडर की भूमिका में लौटे. लेकिन हेमिल्टन में मैच के दौरान उन्होंने अचानक हैमस्ट्रिंग की समस्या हुई बीच में ही मैच छोड़कर जाना पड़ा.

वो 2023 वनडे वर्ल्ड कप हिस्सा था और पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने वाले थे. लेकिन इंजरी के कारण हुई सर्जरी के बाद उन्हें रिकवरी में थोड़ा समय लग सकता है. इसलिए फरवरी में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से उन्हें पहले ही बाहर कर दिया गया है. इंग्लैंड ने अपने स्क्वॉड में उन्हें जगह नहीं दी है. वहीं मई तक कोई भी टेस्ट मैच नहीं होने के कारण वो इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर ही रहेंगे और अपनी रिकवरी पर फोकस करेंगे.

# इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 14 जनवरी से

- 20 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, सिंधु शादी के बाद पहली बार खेलेंगी, लक्ष्य के साथ दल की अगुआई करेंगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत इस बार 20 खिलाड़ियों का दल उतारेगा। पिछले सीजन में 14 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिए थे। लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु भारतीय दल की अगुआई करेंगे।

यह टूर्नामेंट 14 जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में ओलिंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी शि यूकी जैसे सुपरस्टार भी खेलते नजर आएंगे।

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने बयान जारी कर कहा कि सुपर 750 प्रतियोगिता में इतने सारे भारतीय खिलाड़ियों का भाग लेना बताता है कि वर्ल्ड लेवल पर भारत के बैडमिंटन ने कितना विकास किया है। यह विश्व मंच पर भारतीय बैडमिंटन के विकास और उत्थान का एक संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि यह तो बस शुरुआत है। 2025 एक ऐसा साल होगा, जिसमें बड़े नामों के साथ-साथ और भी नाम शामिल होंगे।

सात्विक साई राज पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचे थे। मेंस डबल्स में चिराग-सात्विक साईराज करेंगे अगुआई चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मेंस डबल्स में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। दोनों की जोडी पिछले साल फाइनल में पहुंची थी, हालांकि टाइट जीतने में सफल नहीं हो सके थे। पेरिस ओलिंपिक के बाद चोट के कारण सात्विक बहुत ज्यादा मैदान पर नहीं दिखे हैं।

ऐसे में इस टूर्नामेंट से उनके पास फॉर्म हासिल करना बड़ी चुनौती होगी। सिंधु का शादी का पहला इवेंट दो ओलिंपिक मेडल जीत चुकी पीवी सिंधु का शादी के बाद यह पहला इवेंट है। उन्होंने 22 दिसंबर, 2024 को हैदराबाद के वेंकट दत्ता साई से शादी की।

22 दिसंबर, 2024 को जयपुर में हैदराबाद के बिजनेस मैन से शादी की।

## विमेंस प्रीमियर लीग लखनऊ और बड़ौदा में होगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन के लिए बीसीसीआई ने 2 वेन्यू फाइनल कर लिए हैं। बड़ौदा और लखनऊ में 5 टीमों के बीच सभी मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट 6 या 7 फरवरी से शुरू हो सकता है।

बड़ौदा में सेकेंड फेज के मैच होंगे, जिनमें क्वालिफायर और फाइनल भी शामिल हैं। टूर्नामेंट का ऑफिशियल शेड्यूल रिलीज होना बाकी है। हालांकि, बोर्ड ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन को उनके ग्राउंड पर मैच कराने की जानकारी दे दी है। शेड्यूल का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कुछ ही दिनों में हो जाएगा है।

बड़ौदा के कोटाम्बी स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच दिसंबर 2024 में विमेंस वनडे के 3 मैच खेले गए थे। बड़ौदा में विमेंस इंटरनेशनल मैच हुआ था बड़ौदा में कोटाम्बी स्टेडियम है, जिसका उद्घाटन पिछले महीने ही हुआ था। यहां भारत और वेस्टइंडीज के बीच मैच खेला गया था। यहां 3 वनडे हुए थे। इस स्टेडियम में सीनियर विमेंस टी-20 टूर्नामेंट और रणजी ट्रॉफी के मैच भी हो चुके हैं। स्टेडियम में फ्लड लाइट्स लग चुके हैं। 9 जनवरी से शुरू होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मैच यहां होंगे, इसमें इन लाइट्स की टेस्टिंग भी हो जाएगी। टूर्नामेंट का फाइनल 8 या 9 मार्च को हो सकता है।

## बीजीटी नहीं, न्यूजीलैंड से घर में हारना ज्यादा पीड़ादायक : युवराज सिंह



**दुबई, एजेंसी।** विश्व कप विजेता पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर सूपड़ा साफ होना भारतीय टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की हार से भी बड़ी असफलता है। भारत को पिछले कुछ महीनों में टेस्ट क्रिकेट में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उसे घरेलू मैदान पर कमजोर न्यूजीलैंड से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जो टीम के टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ था। इसके बाद उसे पांच मैच की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से उसकी धरती पर 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

बहरहाल, युवराज ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड से हारना अधिक पीड़ादायक है। क्योंकि वे घरेलू मैदान पर 3-0 से हार गए। आप जानते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। इसे (बीजीटी हारना) तब भी स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार इस जीत चुके हैं और इस बार आपको हार का सामना करना पड़ा। भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायक 43 वर्षीय युवराज ने कहा कि मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया पिछले कई वर्षों से बेहद मजबूत टीम रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली ने एक शतक लगाया लेकिन वह लगातार ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर आउट हुए। दूसरी तरफ रोहित शर्मा पांच पारियों में केवल 31 रन बना पाए और इसलिए उन्होंने सिडनी में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेलने का फैसला किया।

ऋषभ पंत नहीं

# एबी डिविलियर्स ने इस बल्लेबाज को माना धोनी की छवि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एसए-20 का आगामी संस्करण उम्मीदों से बढ़कर होने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका का प्रमुख टी20 टूर्नामेंट 9 जनवरी को एसनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केपटाउन के बीच रोमांचक मुकाबले के साथ शुरू होगा। कई होनहार क्रिकेटर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।आगामी संस्करण को लेकर एबी डिविलियर्स ने भी बड़ा बयान दिया है।

उनका कहना है कि आगामी लीग में डोनोवन फरेरा पर सबकी निगाहें होंगी। 26 वर्षीय खिलाड़ी एसए 20 में जॉबर्ग सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे और उन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने भी चुना था। दिल्ली ने उन्हें 75 लाख में खरीदा और अभिषेक पोरेल और केएल राहुल के साथ वह भी विकेटकीपर के दावेदारों में से एक होंगे। डिविलियर्स ने 26 वर्षीय खिलाड़ी की प्रशंसा की, लेकिन जोर दिया कि इस खिलाड़ी को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए क्योंकि वह कहर बरपाने की क्षमता रखता है। डिविलियर्स ने यूट्यूब पर कहा कि




मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी जो सबसे अलग है। मैं अक्सर उसके बारे में नहीं बोलता। हालांकि अतीत में मैंने उसके बारे में नियमित रूप से बात की है, वह हैं डोनोवन फरेरा। उसके बारे में एकमात्र दुखद बात यह है कि वह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुसार बहुत नीचे बल्लेबाजी कर रहा है। फिलहाल वह नंबर 6 पर बल्लेबाजी करता है। उसने पिछले सीजन में 1 या 2 बार अपनी क्षमता का थोड़ा सा प्रदर्शन किया था, लेकिन पर्याप्त गेंदें नहीं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह 6वें ओवर से आ सकता है। अक्सर वह 16वें या 17वें ओवर में ही आता है और वहां भी सचमुच अपना कौशल दिखाता है और फिर वह आउट हो जाता है। वह एक ऐसा लड़का है जिस पर मैं नजर रखूंगा। डिविलियर्स ने आगे इस खिलाड़ी की तुलना पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी से की, जिन्हें आईपीएल में सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। डिविलियर्स ने कहा कि मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन मैच विजेता है। बस शानदार खिलाड़ी है।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोपी को दस वर्ष की सजा, एक लाख रूपये का जुर्माना

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय का फैसला

**पन्ना।** शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोपी को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पन्ना राजाराम भारतीय की न्यायालय द्वारा दस वर्ष की सजा तथा एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। मामले के संबंध में इस प्रकार है कि अभियोक्त्री की इच्छा के विरूद्ध एवं उसकी सहमति के बिना उसके साथ कई बार संभोग करके बलात्संग करने एवं उसे जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी अनिल साहू पिता शिवदयाल साहू, उम्र-40 वर्ष, निवासी बेनीसागर मोहल्ला पन्ना, थाना कोतवाली पन्ना, जिला पन्ना को धारा-376(2)(एन) भा.दं.सं. के अन्तर्गत आरोप में दोषसिद्ध पाये जाने पर दस वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिला लोक अभियोजक किशोर श्रीवास्तव ने अभियोजन के अनुसार बताया कि अभियोक्त्री अपने पति की मृत्यु के बाद अभियोक्त्री अकेली रहती थी। अभियुक्त अनिल साहू उसके पति का दोस्त था। वह अभियोक्त्री की मदद करने के बहाने उसके कमरे में आता था। सन् 2021 में कोरोना के समय अभियुक्त, अभियोक्त्री के कमरे में आया और उससे कहने लगा कि वह उससे शादी करना चाहता है और ऐसा कहते हुए उसने अभियोक्त्री को पन्ना में मकान के किराए से एक कमरा दिला दिया और वह भी अभियोक्त्री के साथ उसी कमरे में रहने लगा। अभियुक्त ने शादी का झांसा देकर अभियोक्त्री के साथ उसकी मर्जी के बिना जबरन शारीरिक संबंध बनाए और तब से लेकर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। अभियुक्त के द्वारा निरंतर शारीरिक संबंध बनाने के कारण अभियोक्त्री जुलाई 2022 में गर्भवती हो गई। उसके गर्भवती होने पर अभियुक्त उससे कहता था कि बच्चे को गिरा दो। अभियोक्त्री ने उसकी बात नहीं मानी एवं अभियोक्त्री ने दिनांक-26.04.2023 को सतना अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया। वह बच्ची के जन्म के बाद सतना से पन्ना आई और अभियुक्त के घर जाकर बताया कि बच्ची हुई है, तब अभियुक्त ने अभियोक्त्री से कहा कि वह किसी को नहीं जानता है और उसे और उसकी बच्ची को जहां मरना हो, मरो तथा उसके पास मत आया करो। अभियोक्त्री ने अभियुक्त द्वारा अपने साथ कारित घटना की जानकारी अपने मकान मालिक तथा अपने मायके में अपनी मम्मी, पापा एवं बहन को दी।

अभियोक्त्री ने दिनांक-30.05.2023 को घटना के संबंध में टंकित आवेदन आरक्षी केन्द्र कोतवाली पन्ना में प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक-390/2023 धारा-376 (2)(एन) भा.दं.सं. दर्ज किया जाकर विवेचना उपरान्त चालान माननीय न्यायायलय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तथा अभियोजन के द्वारा अभियोक्त्री, अभियोक्त्री की नवजात शिशु एवं आरोपी के रक्त नमूने संकलित कर उसका डी.एन.ए. परीक्षण कराया तथा डी.एन.ए. रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी नवजात शिशु का जैविक पिता है। साक्षी एवं तर्कों से सहमत होकर अभियोजन का प्रकरण युक्ति-युक्त संदेह से परे मानते हुये माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय ने आरोपी अनिल साहू पिता शिवदयाल साहू, उम्र-40 वर्ष, निवासी बेनीसागर मोहल्ला पन्ना, थाना कोतवाली पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.) को धारा-376(2)(एन) भा.दं.सं. के अन्तर्गत आरोप में दोषसिद्ध पाये जाने पर दस वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अभियोक्त्री को 50,000/-रूपये एवं उसकी पुत्री को 50,000/-रूपये प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया गया। अभियोजन की और से विद्यवान अधिवक्ता किशोर श्रीवास्तव जिला लोक अभियोजक के द्वारा पैरवी की गई।

## युवाओं को एक प्लेटफार्म पर जोड़ने एमपीवायपी पोर्टल

**पन्ना।** सभी युवाओं को एक प्लेटफार्म पर जोड़ने के लिए एमपीवायपी पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, कैरियर मार्गदर्शन और रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। यह प्लेटफार्म युवाओं के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां युवा अपनी प्रतिभा को निखारकर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकेंगें। युवा प्रेरक अभियान उन सशक्त और समृद्ध युवाओं को एक मंच प्रदान करेगा, जो समाज को प्रेरित कर सकते हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नेतृत्व क्षमता के युवाओं को चिन्हित कर इस अभियान के माध्यम से उन्हें विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ा जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य समृद्ध एवं सशक्त युवा शक्ति को संगठित कर राष्ट्र के विकास में योगदान देना, नेतृत्व क्षमता वाले युवाओं की पहचान करना और उन्हें प्रेरक के रूप में स्थापित करना, युवा प्रेरकों द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों जैसे गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण में योगदान देना तथा युवाओं में कर्त्तव्यबोध जागृत कर उन्हें सामाजिक समस्याओं के समाधान का हिस्सा बनाना है।

# शासकीय महाविद्यालय गुनौर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में वन स्टॉप सेंटर पन्ना द्वारा जिले के शासकीय महाविद्यालयों में सत्र आयोजित कर छात्राओं को मिशन शक्ति अंतर्गत सखी सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता तथा महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में आज जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय, गुनौर में छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हितेन्द्र वारगल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ कीर्ति चंदेल, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय एवं केस वर्कर शिवानी शर्मा ने जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन और वन स्टॉप सेंटर के बारे में उपयोगी जानकारी साझा की।

इस अवसर पर छात्राओं को बताया गया कि डीएचईडब्ल्यू का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करना है, जबकि वन स्टॉप सेंटर द्वारा किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर परामर्श, चिकित्सा, अस्थाई आश्रय, पुलिस सहायता, विधिक सहायता इत्यादि उपलब्ध कराया जाता है। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में गुनौर थाना से सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम द्वारा भी जरूरी सहयोग प्रदान किया गया। आगामी दिवसों में भी शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़, पवई एवं शाहनगर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## 12 जनवरी से आरंभ होगा युवा शक्ति मिशन

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी 2025 (युवा दिवस) के अवसर पर स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ किया जाएगा। मिशन के प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास निर्माण, प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी के साथ उनके कौशल उन्नयन और प्रतिभा को निखारने की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मिशन के प्रमुख घटक संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि है।

# आचार्य विद्यासागर गौशाला के प्रबंधक की मनमानी, अन्य तहसील के मवेशियों से ले रहा पैसा



**पन्ना।** गाय को माता कहा जाता है जिनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए तमाम गौशालाओं का निर्माण करवाया गया है, जहां उनके भोजन उपचार और संरक्षण के लिए बजट उपलब्ध करवाया जाता है। इसके अलावा विभिन्न संस्थाओं द्वारा चलाई जा रही गौशालाओं को भी सरकार बजट उपलब्ध करवाती है, सरकार ने गौसंवर्धन बोर्ड भी गठित किया है, इसके बावजूद गौ वंश को राजनीतिक भेद-भाव का शिकार होना पड़ रहा है। इसी प्रकार का ऐक मामला सामने आया है, जिसमें आचार्य विद्यासागर गौशाला पवई के प्रबंधक ज्ञानचन्द्र जैन का कहना है कि वह पवई विधानसभा क्षेत्र के गौवंश को रखते हैं तथा अन्य विधानसभा क्षेत्र के मवेशियों को रखने के लिए पांच सौ रूपये प्रति नग के हिसाब से राशि जमा करनी पड़ती है। क्योकि हमें भूसा, चारा तथा अन्य सुविधाए देनी पड़ती है। इस प्रकार की मनमानी श्री विद्यासागर गौ शाला पवई में चल रही है। जबकी श्री विद्यासागर गौ शाला को पशु पालन विभाग द्वारा गौ शाला संचालन के लिए भारी भरकम बजट दिया जाता है।

## लोकसेवा केन्द्र में भर्रेशाही का आलम

**पन्ना।** लोक सेवा केन्द्र पन्ना में ठेकेदार की मनमानी चल रही है, जिससे आम आवेदक भारी परेशान है, आवेदको ने बताया कि आवेदन देने के बाद संबंधित कम्प्यूटर आपरेटरो द्वारा पावती नहीं दी जाती है, साथ ही नकल, निकलवाने के लिए चक्कर काटना पड़ रहें है, आवेदको को लोक सेवा केन्द्र के ठेकेदार तथा आपरेटरो द्वारा मनमाने ढंग से परेशान किया जाता है। स्थानीय लोगो ने पन्ना जिला मुख्यालय इन्द्रपुरी कालोनी मे स्थित लोक सेवा केन्द्र के ठेकेदार पर कार्यवाहरी करने की मांग की है।

# स्वसहायता समूह द्वारा संचालित धान खरीदी केन्द्र में मिली अनियमितता

## गुनौर एसडीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर ने द्रोपती स्वसहायता समूह इटवां द्वारा संचालित धान खरीदी केन्द्र क्रमांक एक तारा झरकुआ तहसील अमानगंज में अनियमितता पाए जाने पर खरीदी केन्द्र प्रभारी सहित समूह अध्यक्ष एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही दस्तावेजी साक्ष्य सहित 9 जनवरी को कार्यालय में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जवाब समाधानकारक न होने अथवा प्रस्तुत न करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही कर समूह को आवंटित उपार्जन केन्द्र निरस्त करने का प्रस्ताव जिला कलेक्टर को भेजा जाएगा। साथ ही भविष्य में उपार्जन कार्य के लिए ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही तथा अभियोजन एवं अन्य युक्तियुक्त कार्यवाही भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि गत 5 जनवरी को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा नर्मदा वेयरहाउस अमानगंज में उपार्जित धान की जांच कर विभिन्न अनियमितताओं के बारे में अवगत कराया गया है। प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि उपार्जित धान की प्रत्येक बोरियों में लाल रंग से निर्धारित प्रारूप एवं साइज में संस्था की स्टेंसिल नहीं लगाई जा रही है। इसके अलावा किसान के बोरे पर केन्द्र कोड एवं वर्ष सहित केन्द्र का नाम तथा किसान पंजीयन क्रमांक की प्लास्टिक स्लिप भी धागे से आधी अंदर व आधी बाहर सिलाई कर नहीं लगाई जा रही है, जिससे किसान की पहचान और कृषक स्कंध भण्डारण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि किसानों से उपार्जित धान की बोरियों में लाल रंग के धागे से डबल के स्थान पर सिंगल सिलाई करने से स्कंध सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है, जबकि उपार्जन एजेंसी द्वारा धान उपार्जन के लिए निर्धारित वजन के नवीन एवं पुराने जूट बारदाने उपलब्ध कराए गए हैं। समूह द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र में मार्कफेड एजेंसी द्वारा प्राय: सरसों के उपार्जन में प्रयोग होने वाले जूट के बारदानों में धान भरकर बोरियों को सीधे सिलकर भण्डारण के लिए भेजा गया है। यह शासन द्वारा धान उपार्जन के लिए निर्धारित मानक प्रक्रिया के विपरीत है। इससे यह भी प्रथम दृष्टया प्रमाणित हुआ है कि व्यापारियों एवं बिचौलिया का धान उपार्जन केन्द्र परिसर से बाहर से ही किसान के नाम पर विक्रय करने का अनुचित प्रयास किया जा रहा है।

# माध्यमिक शाला बछरवारा के शिक्षक लापरवाह, छात्रो का भविष्य अंधकारमय



**पन्ना।** पन्ना जिले में शिक्षा विभाग की स्थिती बदतर है, शासकीय विद्यालयों मे पदस्थ शिक्षक वेतन के रूप में मोटी रकम ले रहे है, लेकिन अध्यापन कराने के नाम पर सिर्फ औपचारिकात कर रहें है। जिससे विद्यालयों में पढनें वाले छात्र छात्राओं का भविष्य चौपट है, इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत संकुल केन्द्र सलेहा के माध्यमिक विद्यालय बछरवारा का सामने आया है, जहां पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षक लापरवाह बनें हुए है तथा छात्रो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहें है। स्थानीय लोगो ने बताया कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा तथा मदन मोहन द्विवेदी मनमाने ढंग से विद्यालय आते है तथा कुछ घंटे रूकने बाद वापिस चले जाते है, लगातार विद्यालय आने जाने मे अप डाउन करते है, जिसके चलते विद्यालय के छात्रो का भविष्य चौपट है, स्थानीय अभीभावको ने संबंधित शिक्षको के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# पूर्व सरपंच, सचिव का कारनामा, तालाब के अन्दर बना दिया सार्वजनिक शौचालय, ग्रामवासी परेशान



**पन्ना।** ग्राम पंचायतो मे आम जनता को सुविधा पहुंचाने के लिए सरकार अनेक योजनाए संचालित कर रही है लेकिन ग्राम पंचायतो के सरपंच सचिव उन योजनाओं को पलीता लगाकर सरकार की राशि मे जमकर भ्रष्टाचार कर रहे है। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत गौरा का सामने आया है जहाँ बीते लगभग पांच साल पहले तत्कालीन सरपंच सचिव ने सामुदायिक स्वच्छता परिसर को किसी उपयोगी स्थान मे न बनाकर गांव के ही एक छोटे तालाब के बीच मे बना डाला जिसके चारो ओर हमेशा पानी भरा रहता है और कोई भी व्यक्ति बगैर किश्ती के वहां नहीं पहुंच सकता है। इतना ही नहीं इस निर्माण कार्य मे सडक की ऊचाई की तुलना मे बिल्डिंग की कुर्सी बहुत कम दी गयी है, इसलिए मिट्टी की फिलिंग होने के बाद भी यह सामुदायिक स्वच्छता परिसर लोगो के पहुंचने के लिए कभी उपयोगी नहीं हो सकता है। ग्रामवासियो ने जिला कलेक्टर से शिकायत कर मांग की है कि उक्त निर्माण कार्य में गबन की गयी राशि की वसूली संबंधितो से की जाये तथा उचित स्थान पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाये। उक्त मामले में यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त कार्य पूरा नहीं किया गया था, और उसकी राशि भी संबंधितो द्वारा निकालकर हड़प कर ली गई।

## पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर क्षेत्रीय पत्रकारो ने सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** विगत दिवस 3 जनवरी को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या ठेकेदार द्वारा करा दी गई थी तथा उक्त मामले में ठेकेदार के द्वारा पत्रकार की हत्या जघन्य एवं निर्ममता से की गई थी। जिसमें शरीर के अनेक अंगो में बुरी तरह चोटे आई, ज्ञात हो कि पत्रकार चन्द्रकार द्वारा संबंधित ठेकेदार द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को उजागर किया था। उक्त मामले को लेकर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में पत्रकारो में आक्रोश का माहोल कायम है। इसी मामले को लेकर पन्ना जिले के क्षेत्रीय पत्रकारो ने महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार रैपुरा चन्द्रमणि सोनी को ज्ञापन सौपकर अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# ग्राम बम्होरी में लाखो रूपये की डकैती

## घर मे घुसकर मारपीट कर जेवर तथा नगदी ले गये बदमाश

पन्ना

जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत ग्राम बम्होरी (मड़वा) में बीती 6-7 जनवरी 2025 की रात लगभग 12:30 बजे दो नकाबपोश डकैतो के द्वारा कट्टे की नोक पर घर में घुसकर डकैटी डालने तथा लूटपाट करने का मामला सामने आया है, उक्त मामले को लेकर पीड़ित रूप लाल पटेल पिता बाबूलाल पटेल उम्र 48 वर्ष जो घायल अवस्था मे जिला चिकित्सालय में ईलाज करा रहा है, उसने बताया कि हम लोग परिवार सहित घर के अन्दर रात्रि के समय खाना पीना खाने के बाद सो रहे थें। उसी दौरान दो अज्ञात लुटेरे दीवार फांदकर घर के अन्दर घुसे तथा कट्टे की नोक पर घर मे रखे बेटे की शादी के लिए खरीदे गये जेवरात तथा अस्सी हजार रूपये नगद छीन कर ले गयें। उक्त नगदी में एक कार्यक्रम की चंदा की राशि भी ले गयें। हम लोगो द्वारा विरोध करने पर बदमाशो द्वारा कट्टे से गोली भी चला दी, जिससे मै घायल हुआ हूँ। मामले की शिकायत सिमरिया थाना मे की गई है, पुलिस घटना स्थल पंहुचकर मौका मुआयना कर रही है।

## मीना सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरदहा की प्राचार्य बनीं

**पन्ना।** अजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरदहा में नवनियुक्त प्राचार्या श्रीमती मीना सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ शिक्षक कमलेश सिंह, विमलेश सिंह, कामता प्रसाद बेडिया, घनश्याम विश्वकर्मा, धीरज गौतम, शैलेंद्र गुप्ता, सुशील कुमार, लोकनाथ, राकेश, गणेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, अर्चना, सुप्रिया, बिंदा प्रसाद, चंद्रपाल सहित संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि विगत दिनों प्राचार्य रहे विनय कुमार सक्सेना सेवानिवृत हो गयें है तथा मीना सिंह को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौपा गया है।

# नई योजना पार्थ होगी लॉंच

पन्ना

देशभक्त एवं ऊर्जावान युवाओं को पुलिस एवं आर्मी में रोजगार तथा देश प्रेम की भावना जागृत करने के लिये पार्थ (पुलिस आर्मी रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग एण्ड हुनर) योजना तैयार की गई है। योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 जनवरी 2025 को दोपहर एक बजे टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में करेंगे। योजनांतर्गत प्रदेश के युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, पैरा मिलिट्री आदि में रोजगार उपलब्ध कराने के लिये भर्ती पूर्व शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षण योजना संभाग स्तर पर संचालित की जाएगी। युवाओं को शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा एवं व्यक्तित्व विकास के लिये प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदाय किया जाएगा। प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा किया जाएगा। इसके लिये ग्रामीण युवा समन्वयक और विभागीय कर्मचारियों का भी सहयोग लिया जाएगा। भर्ती पूर्व प्रशिक्षण की योजना स्ववित्त पोषित होगी। इसके लिये प्रशिक्षणार्थी से प्रतिमाह निर्धारित शुल्क प्राप्त किया जाएगा। प्रशिक्षण शुल्क का निर्धारण संबंधित खेल अधोसंरचना के लिये गठित खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति द्वारा किया जाएगा।

## जनसुनवाई में आए 15 आवेदन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 15 आवेदन आए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा स्थानीयजनों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## ग्राम पंचायत भुलगवा में सरपंच, सचिव, उपयंत्री के भ्रष्टाचार के विरोध मे

# ग्रामीणो ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन



**पन्ना।** पन्ना जिले की ग्राम पंचायतो में सरपंच, सच्चिव, उपयंत्रीयों की मिली भगत से भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है तथा ग्रामीणो द्वारा शिकायते करने पर उन्हे फर्जी मामले दर्ज कराने की धमकीयां भी दी जाती है। इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुलगंवा का प्रकाश मे आया है, ग्राम पंचायत भुलगंवा के उजनेही एवं भुलगंवा ग्राम के निवासीयों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा पुलिस अधीक्षक को अलग अलग ज्ञापन दिये है, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत का संचालन सरपंच पति बाबूलाल तथा उसके लड़के द्वारा किया जाता है एवं उपयंत्री तथा सचिव के सहयोग से शासकीय राशि में फर्जीवाड़ा किया जाता है। अभी हाल ही में ग्राम पंचायत मे कराये गये निर्माण कार्यो मे व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा किया गया है। जिसमें सड़क निर्माण, नाली निर्माण, खेत निर्माण, वृक्षा रोपण सहित अन्य कार्यो में शासकीय राशि का दुरपयोग किया है। उनहोने यह भी बताया कि ग्राम उजनेही में पूर्व में भवन बना हुआ था, जिसको तोड़कर सरपंच सचिव द्वारा उसका मटेरियल बिना किसी अनुमति के बेच दिया गया हैं तथा शासकी राशि का दुरपयोग किया है, इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक को दिये आवेदन मे बताया कि ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार की शिकायते करने पर सरपंच द्वारा झूठे मामले में फसाने की धमकी दी जाती है, इस लिए उक्त सरपंच पति, पुत्र एवं सचिव उपयंत्री के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरुवार 09 जनवरी 2025




निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक की। उन्होंने जोनवार वसूली की प्रगति की जानकारी ली। निगम आयुक्त ने न्यूनतम वसूली करने वालों को अगली समीक्षा बैठक तक प्रदर्शन में सुधार लाने को कहा।



# परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य बनाकर विद्यार्थियों की तैयारी कराएं

## बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य लगन और समर्पण से प्रयास करें : कमिश्नर

**रीवा।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम बेहतर करने के लिए रीवा और मऊगंज जिले में आपरेशन निखार चलाया जा रहा है। इसके तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि रीवा जिले में माड़ौ स्कूल में परीक्षा परिणाम जब शत-प्रतिशत हो सकता है तो अन्य स्कूलों में क्यों नहीं है। सभी प्राचार्य विद्यार्थियों को सही रणनीति बनाकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराएं। विद्यार्थियों की कमजोरी का परिमार्जन करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाएं। प्राचार्य बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए लगन और समर्पण से



प्रयास करें। बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास करें।

कमिश्नर ने कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षक विद्यार्थियों को सही शिक्षा और अच्छे संस्कार देंगे तभी वे श्रेष्ठ नागरिक बनेंगे। प्राचार्य और शिक्षक विद्यार्थियों से आत्मीय संबंध बनाकर उनकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। स्कूल में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति और नियमित कक्षाओं का संचालन होगा तो परिणाम बेहतर आएंगे। विद्यार्थियों को गत तीन वर्ष के प्रश्नपत्रों और बोर्ड से प्राप्त मॉडल प्रश्नपत्र का लगातार अभ्यास कराएं। स्कूल में ज्ञान दान देने के साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य रोचक कार्यक्रम आयोजित कर इसका वातावरण ऐसा बनाएं कि हर विद्यार्थी स्कूल जाने के लिए लालायित रहे। कमिश्नर ने कहा कि विद्यार्थी के कॅरियर और जीवन दोनों को सही दिशा देने के लिए उनका उचित मार्गदर्शन करें। विद्यार्थियों में ज्ञान और शिक्षा का विकास होने पर ही आत्मविश्वास का भाव पैदा होगा। विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। इस भावी पीढ़ी को दिशा देने और गढ़ने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। आप सब लगन के साथ विद्यार्थियों को जब शिक्षा देंगे तो आपके मन में जो आत्मसंतोष का भाव और अभिभावकों के मन में सम्मान होगा वही सबसे बड़ा पुरस्कार है। स्कूलों के साथ-साथ छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार तथा पठन-पाठन की बेहतर व्यवस्था के लिए भी प्राचार्य निरंतर प्रयास करें। कार्यशाला में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कमिश्नर सर के मार्गदर्शन में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए अभिनव प्रयास किया जा रहा है। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जब अच्छे आते हैं तो हम सबका सर ऊंचा होता है। जिन स्कूलों के परिणाम संतोषजनक नहीं हैं उनके प्राचार्य कमियों का मंथन करें। बोर्ड परीक्षाओं के लिए बहुत अधिक समय नहीं बचा है। अभी भी हम प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर आएंगे। अच्छे परिणाम देने वाले प्राचार्यों को सम्मानित किया जाएगा। स्कूल के जो अच्छे विद्यार्थी हैं उन्हें प्रदेश की मैरिट सूची में स्थान बनाने के लिए प्रेरित करें। अगले शिक्षा सत्र के शुरू होते ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और परीक्षा परिणाम बेहतर करने के प्रयास शुरू कर दें। कार्यशाला में संयुक्त संचालक शिक्षा केपी तिवारी ने आपरेशन निखार की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रशासनिक निर्णयों में न हो देरी, सभी औपचारिकताएं समय से करें पूर्ण: उप मुख्यमंत्री

## विभागीय भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग के माध्यम से जारी भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासनिक निर्णयों में किसी प्रकार की देरी न हो और सभी औपचारिकताएं समय पर पूर्ण की जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आईपीएचएस मानकों के अनुरूप नवीन स्वीकृत पदों, नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं और उन्नत स्वास्थ्य संस्थाओं में रिक्तियों की पूर्ति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नर्सिंग भर्ती और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया और पैरामेडिकल काउंसिल की गतिविधियों की वृहद समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी भर्ती के साथ-साथ पदोन्नति के पदों पर रिक्तियों को शीघ्र भरने पर विमर्श किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त मैनपॉवर आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानव संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पैरामेडिकल संस्थानों की मान्यता प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की और नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि वर्ष 2022-23 के पैरामेडिकल छात्रों की परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और उनके परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, संचालक स्वास्थ्य श्री दिनेश श्रीवास्तव, संचालक स्थापना श्रीमती मल्लिका नागर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आनंद उत्सव आयोजन के लिये नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** आगामी 14 जनवरी से 28 जनवरी तक मऊगंज जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आनंद उत्सव का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने आयोजन के लिये नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं।

समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अपने अनुभाग के विकासखण्ड में आनंद उत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने तथा आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण के लिए विकासखण्ड स्तरीय समिति तथा प्रत्येक आनंद उत्सव स्थल पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए कार्यक्रम आयोजन समिति का गठन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के समन्वय से कर शासन निर्देशों के परिपेक्ष्य में समस्त कार्यवाही संपादित करायेंगे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरीय क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मऊगंज से समन्वय स्थापित कर आनंद उत्सव के समस्त कार्यक्रमों का आयोजन शासन निर्देशों के परिपेक्ष्य में संपादित करेंगे। प्रत्येक कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित फोटोग्राफ संकलित कर सुरक्षित रखने तथा जिला नोडल अधिकारी आनंद विभाग, द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये हैं। प्रत्येक आनंद उत्सव स्थल का पंजीयन बेवसाइट पर उन्हें अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

## मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित होगी निबंध प्रतियोगिता

**रीवा।** जिले में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके सिलसिले में जिले के सभी प्रमुख महाविद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निबंध प्रतियोगिता के लिए वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम विषय निर्धारित किया गया है। महाविद्यालयों के प्राचार्य इस विषय पर विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराएं। इसके विजेता विद्यार्थियों की प्रतियोगिता 15 जनवरी को जिला स्तर पर आयोजित होगी।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक 39593 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**रीवा।** जिले में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 8 जनवरी तक आयोजित शिविरों में कुल 44641 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 39593 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 3891 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 1129 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 35910 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 31261 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 15259, रायपुर कर्चुलियान में 3130, रीवा में 2417, सिरमौर में 2824, गंगेव में 3866 तथा जवा में 8414 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 15070, रायपुर कर्चुलियान में 2358, रीवा में 1443, सिरमौर में 2496, गंगेव 3640 तथा जवा में 6254 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 8731 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 8332 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 4479, नगर पंचायत सिरमौर में 290, गुढ़ में 1102, मनगवां में 502, गोविंदगढ़ में 205, सेमरिया में 605, चाकघाट में 273, त्योंथर में 603, डभौरा में 317 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 355 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 4465, नगर पंचायत सिरमौर में 206, गुढ़ में 1100, मनगवां में 502, गोविंदगढ़ में 68, सेमरिया में 596, त्योंथर में 594, डभौरा में 242, चाकघाट में 204 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 355 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## नगर निगम में आज निपनिया में लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 9 जनवरी को वार्ड क्रमांक एक के लिए शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल निपनिया के परिसर में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा वैष्णोमाता खनिज उत्खनन सहकारी समिति मर्यादित भुनगांव विकासखण्ड जवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अम्बरीष देव बघेल को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जनकल्याण शिविरों में आम जनता के आवेदनों का हो रहा निराकरण

**रीवा।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 427 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें आमजनता से



43698 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 38949 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 7 और 8 जनवरी को सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। सिरमौर के ग्राम पंचायत धरी में आयोजित शिविर में 225 तथा पटेहरा बैकुंठपुर ग्राम पंचायत में लगाए गए शिविर में 263 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जनपद पंचायत रीवा में ग्राम पंचायत रौरा में आयोजित शिविर मे 52 तथा ग्राम पंचायत रौसर में 68 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। जनपद पंचायत गंगेव की ग्राम पंचायत देवास में आयोजित शिविर में 13 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न पर्ची, संबल योजना में पंजीयन तथा राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण शामिल हैं।

## आनंद उत्सव आयोजन की तैयारी बैठक 11 जनवरी को

**रीवा।** आनंद उत्सव-2025 आयोजन की तैयारी बैठक 11 जनवरी को कलेक्ट्रेट मऊगंज में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

# इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश

**रीवा।** प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक के द्वारा ली गई अपराध समीक्षा बैठक



**रीवा।** पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा श्री विवेक सिंह के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों कीअपराध समीक्षा बैठक ली गई,बैठक मेंसी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतो का निराकरण, व्ही.सी.एन.बी. काउचित संधारण, गुम इंसान एवंअपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी,मर्ग निकाल, चिन्हित अपराधों के निकाल,एवं जेल रिहाई, अवैध परिवहन रोकने व अवैध परिवहन पर कडी कार्यवाही करनेंके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर सख्त प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए है बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक लाल, जिले के अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# थाना चोरहटा पुलिस व्दारा अवैध पिस्टल के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**रीवा।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिहं के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक श्री अनिल सोनकर व नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. रितु उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी की टीम व्दारा मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी सहवान मंसूरी उर्फ सलमान पिता साकिर मंसूरी उम्र 28 वर्ष निवासी अमहिया बडी दरगाह के पीछे थाना अमहिया जिला रीवा (म.प्र.) एवं विवेक मिश्रा पिता संतोष मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम दोही वार्ड क्र.02 थाना चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.) के कब्जे से एक अदद पिस्टल मय मैग्जीन के जप्त कर आरोपियो को किया गिरफ्तार।

घटना का विवरण में दिनांक 07/01/2025 को मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुएनिरी. आशीष मिश्रा व्दारा हमराह स्टाफ एवं गवाहो की मदद से खैरी नई बस्ती कब्रिस्तान के पास रोड पर सहवान मंसूरी उर्फ सलमान पिता साकिर मंसूरी उम्र 28 वर्ष निवासी अमहिया बडी दरगाह के पीछे थाना अमहिया जिला रीवा (म.प्र.) एवं विवेक मिश्रा पिता संतोष मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम दोही वार्ड क्र.02 थाना चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.) के कब्जे से एक अदद पिस्टल मय मैग्जीन के जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध अप.क्र. 12/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया। नाम आरोपी में सहवान मंसूरी उर्फ सलमान पिता साकिर मंसूरी उम्र 28 वर्ष निवासी अमहिया बडी दरगाह के पीछे थाना अमहिया जिला रीवा (म.प्र.) विवेक मिश्रा पिता संतोष मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम दोही वार्ड क्र.02 थाना चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.)

जप्त मसरूका में एक अदद लोहे की पिस्टल मय मैगजीन कीमत लगभग 25000/- रुपये

महत्वपूर्ण भूमिका में निरी. आशीष मिश्रा थाना प्रभारी चोरहटा, सउनि राजेश तिवारी, प्र.आर. 576 के.पी. सिंह, आर. 1054 आशीष त्रिपाठी, आर.966 पकंज मिश्रा, आर.659 शिवमूर्ति मिश्रा, आर.350 नीरज पाण्डेय ।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833